Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

ज्ञान की बातें

मानवता प्रकाश की वह नदी है,जो सीमित से असीम की ओर बढ़ती है।

- खलील जिब्रान-

अम्बिकापुर , वर्ष 19,अंक -04,शुक्रवार ,04 नवम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

# स्कूल बंद होने की आहट,जानलेवा हुई दिल्ली की हवा



## लगाई गईं 5 कड़ी पाबंदियां

**दिल्ली-एनसीआर की हवा जहरीली होती जा रही है. इस बीच कई नई पाबंदियां लगा गई हैं. नोएडा के स्कूलों को ऑनलाइन पढ़ाई कराने के आदेश दिए गए हैं.**

**नई दिल्ली, 03 नवंबर 2022।** राजधानी दिल्ली और एनसीआर के इलाकों की हवा जहरीली हो गई है. घर पर, घर से बाहर निकलते वक्त आप इसे महसूस भी कर रहे होंगे. हर तरफ धुआं ही धुआं है. लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है. साथ ही साथ आंखों से पानी आने जैसी परेशानी भी लोगों को हो है. इस बीच गुरुवार शाम केंद्र के वायु गुणवत्ता आयोग ने बड़ा फैसला किया.

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर में को लागू करने के आदेश दे दिए. इसके बाद दिल्ली-एनसीआर में कुछ नई पाबंदियां लग गई. इसमें बीएस-4 तक की डीजल कारों पर भी रोक लगा दी गई है. ट्रकों की दिल्ली में एंट्री भी रोक दी गई है.

गुरुवार को राजधानी के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच गई. सीधे शब्दों में अब दिल्ली की हवा जहरीली हो चली है. गुरुवार शाम को दिल्ली के कई इलाकों में, त्त्ह्ह 400 के पार पहुंच गया था, जिसने लोगों का सांस लेने मुश्किल कर दिया. मौसम संबंधी जानकारी देने वाली एजेंसी के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली का 450 के करीब रहेगा, वहीं नोएडा में यह 500 के पार जा सकता है,

# वांटेड शार्प शूटर गिरफ्तार

## हत्या के लिए ली थी पांच लाख की सुपारी



**गाजियाबाद,03 नवंबर 2022 ।** थाना सिहानीगेट पुलिस ने थाना सिहानीगेट क्षेत्र से कार व्यापारी की हत्या की सुपारी लेने के मामले में वांटेड शातिर शार्प शूटर/कॉन्ट्रैक्ट किलर जितेन्द्र त्यागी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके पास से एक 9 एमएम पिस्टल और 5 कारतूस भी बरामद हुए हैं। इसके साथ ही व्यापारी को मारने के लिए ली गयी सुपारी में से 58,000 रुपए भी बरामद हुए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, थाना सिहानीगेट पुलिस ने चेकिंग के दौरान थाना सिहानीगेट क्षेत्र से अभियुक्त जितेन्द्र त्यागी को गिरफ्तार किया है। गाजियाबाद के नंदग्राम में रहने वाले जितेंद्र त्यागी को आपूलेन्ट माल के सामने जीटी रोड गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर अभियुक्त ने वादी कार व्यापारी की हत्या करने के लिये सम्पूर्णान्द/काले अनेजा से 5 लाख रुपए की सुपारी तय करना व 1 लाख रुपए एडवांस में लेना तथा शेष रुपए हत्या करने के बाद लेने की बात स्वीकार की है।

अभियुक्त के घर से एक स्वचालित देशी 9 एमएम पिस्टल एवं 5 कारतूस तथा सुपारी के लिए गए 1 लाख रुपए में से 58,000/- रुपए बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ पूर्व में हत्या के साथ साथ कई और मामले भी दर्ज हैं।

# सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड मामला

## एनआईए का बड़ा एक्शन, 2 टॉप सिंगर से की पूछताछ



**नई दिल्ली,03 नवंबर 2022 ।** सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मामले में एनआईए ने 2 पंजाबी सिंगर से बुधवार को पांच घंटे पूछताछ की. एनआईए ने पंजाब के दो टॉप पंजाबी सिंगर दलप्रीत ढिल्लो और मनकीरत औलक को दिल्ली हेडक्वार्टर में बुलाया था. यहां दोनों से करीब पांच घंटे तक पूछताछ की गई.बता दें कि मनकीरत और ढिल्लो का गैंगस्टर लॉरेंश बिश्नोई से लिंक की बात पहले सामने आती रही है. इसके बाद बमबीहा गैंग ने मूसेवाला हत्याकांड के बाद सिंगर मनकीरत औलक को धमकी दी गई थी.

# गुजरात इलेक्शन 2022 1 और 5 दिसंबर को दो चरणों में वोटिंग

## 8 दिसंबर को हिमाचल के साथ नतीजे



**नई दिल्ली,03 नवंबर 2022 ।** गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों का इंतजार अब खत्म हो गया है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को गुजरात की चुनावी तारीखों का ऐलान कर दिया है। पहले राउंड का मतदान 1 दिसंबर को होगा और दूसरे चरण की वोटिंग 5 दिसंबर को होगी। इसके बाद 8 दिसंबर को चुनाव का नतीजा आएगा। इसी दिन हिमाचल प्रदेश के चुनावी नतीजों का भी ऐलान होना है, जहां 12 नवंबर को एक ही राउंड में वोटिंग होने वाली है। गुजरात चुनाव में 2007 से ही दिसंबर में चुनाव होता रहा है और दो राउंड में वोटिंग की परंपरा रही है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी को समाप्त हो रहा है, जिसमें अभी करीब 100 दिन बाकी हैं। 10 अक्टूबर, 2022 को राज्य में मतदाता सूचियों का प्रकाशन हो चुका है। इस बार 4.9 करोड़ मतदाता गुजरात चुनाव में वोट डालेंगे। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर, 2022 तक 18 साल के होने वाले युवाओं को भी वोटिंग का मौका दिया जा रहा है। कुल 4.6 लाख वोटर ऐसे हैं, जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। राज्य में मतदान के लिए कुल 51,782 केंद्र बनाए जाएंगे।

# लाल किला हमले के दोषी की फांसी की सजा बरकरार

## सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई आतंकी की याचिका



**नई दिल्ली,03 नवंबर 2022 ।** सुप्रीम कोर्ट ने साल 2000 में हुए लाल किले पर हमले के दोषी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की फांसी की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ने मोहम्मद आरिफ की पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने लंबी सुनवाई के बाद 10 अगस्त 2011 को आतंकी अशफाक को फांसी की सजा सुनाई थी।

सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने जुलाई 2019 को पाकिस्तानी नागरिक आरिफ उर्फ अशफाक की उस याचिका को मंजूर कर लिया था, जिसमें ओपन कोर्ट में दोबारा पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई की मांग की गई, जिस पर अदालत ने इसकी अनुमति दे दी थी। हालांकि आज कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। बता दें कि आतंकी हमले का मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी आरिफ को मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। 22 दिसंबर 2000 को हुए इस आतंकी हमले में तीन जवानों के साथ कई आतंकी भी मारे गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने लंबी सुनवाई के बाद 10 अगस्त 2011 को आतंकी आरिफ को फांसी की सजा सुनाई थी, लेकिन अब तक उसे फंदे पर लटकाया नहीं गया है। मामले की जांच की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर सुरेंद्र संड के पास थी और कश्मीर लेकर दिल्ली आए थे।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका में आतंकी आरिफ ने कहा था कि उसकी पुनर्विचार याचिका ओपन कोर्ट में नहीं सुनी गई थी। इसलिए यह न्याय हित में होगा अगर उसकी पुनर्विचार याचिका ओपन कोर्ट में दोबारा सुन ली जाए।

सुप्रीम कोर्ट पहले ही अशफाक की फांसी की सजा पर मुहर लगा चुका है। देश की सबसे बड़ी अदालत आज दोबारा से दायर की गई पुनर्विचार याचिका पर फैसला सुनाया जाएगा।

# छात्र की स्कूल टाई से गला घोटकर हत्या



**कानपुर ,,03 नवंबर 2022 ।** कानपुर में रेलवे ट्रैक के पास एक सुनसान जगह पर कक्षा 12 के एक छात्र की स्कूल टाई से गला घोटकर हत्या कर दी गई। शव की पहचान रोनिल सरकार के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रोनिल के शरीर पर चोट के 10 निशान भी पाए गए।पुलिस ने बताया कि विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच की जा रही है। मामले में छह संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। रोनिल का शव जहां मिला वहां से पुलिस को बीयर की बोतलें, सिगरेट के टुकड़े और खाने-पीने का सामान भी मिला।

# बीजेपी नेता ने अयोध्या भूमि घोटाले में की जांच की मांग



**अयोध्या ,03 नवंबर 2022 ।** अयोध्या में भाजपा के एक नेता ने अयोध्या में बड़े पैमाने पर हुए नजूल भूमि घोटाले को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को शिकायत भेजी है। पीएमओ की वेबसाइट पर दर्ज अपनी शिकायत में भाजपा प्रवक्ता रजनीश सिंह ने आरोप लगाया है कि स्थानीय सरकारी अधिकारी नजूल भूमि घोटाले में शामिल हैं।

सिंह ने अयोध्या में नजूल भूमि के पुराने दस्तावेजों और भूखंडों की वर्तमान स्थिति का मिलान कर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। कुछ दिन पहले बीजेपी सांसद लल्लू सिंह ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत कर एसआईटी जांच की मांग की थी।

अयोध्या का मंदिर शहर, जो निर्माण में भव्य राम मंदिर के लिए सुर्खियों में है, में अचल संपत्ति में तेजी देखी जा रही है।पिछले कुछ महीनों में, मंदिर शहर नजूल भूमि घोटाले के कारण चर्चा में था, जिसमें स्थानीय अधिकारियों के शामिल होने का आरोप है।

पीएमओ ने मामले को आगे की कार्रवाई के लिए यूपी सरकार को ट्रांसफर कर दिया था। अयोध्या में करीब 2,000 बीघा जमीन भू-माफियाओं द्वारा छीन लिए जाने की आशंका है।

मुख्यमंत्री को दी गई अपनी शिकायत में लल्लू सिंह ने कहा कि भू-माफियाओं ने सरकारी अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर ली है। फैजाबाद शहर के प्रसिद्ध 'अफीम कोठी' के पीछे 2,000 बीघा भूमि है और इसे जलमग्न क्षेत्र के रूप में जाना जाता है।

## सीएम ने दी ईडी को चुनौती

# हिम्मत है तो आओ और गिरफ्तार करो,पूछताछ क्यों ?

**रांची ,03 नवंबर 2022 ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को अपने तेवर साफ कर दिए। उन्होंने संकेत दिए कि वे केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय यानी श्चष्ठ द्वारा भेजे गए समन को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

इसी क्रम में अवैध खनन मामले में वे गुरुवार को श्चष्ठ के सामने पेश नहीं हुए। सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्रीय एजेंसी को चुनौती देते हुए कहा है कि हिम्मत है तो गिरफ्तार करके दिखाए।

बता दें कि अवैध खनन से जुड़े मामले में ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को गुरुवार 11.20 में ईडी कार्यालय में पेश होने के लिए समन भेजा था।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं के रांची में भारी जुटान के बीच सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने राज्य में कुछ बाहरी गैंग की पहचान की है जो राज्य के आदिवासियों को उनके पैरों पर खड़ा नहीं होने दे रहे हैं। हेमंत ने चुनौती देते हुए हुए कहा कि इस राज्य में झारखंडियों का शासन चलेगा बाहरी ताकतों का नहीं।

यहां 2 दिवसीय आदिवासी दिवस मनाया गया। आज छत्तीसगढ़ में आदिवासी महोत्सव है, लेकिन आज ही श्चष्ठ ने बुलाया है। हिम्मत है तो गिरफ्तार करो, सीधा गिरफ्तार करो, पूछताछ क्यों?



डराने का काम कर रहे हैं। श्चष्ठ और क्च्छ्वक्क ऑफिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, लेकिन अभी तो कुछ किया भी नहीं है. आने वाले समय मे सिर छुपाने की जगह नहीं मिलेगी।

बीजेपी पर तीखा हमला करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बीजेपी का सफाया हो जाएगा। इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कहा है कि केंद्र की बीजेपी सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय जबरन एक झारखण्डी मुख्यमंत्री को बदनाम कर रहा है। इस साजिश के खिलाफ झारखंड की जनता सड़क पर उतर आई

जेएमएम कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा, उहापोह की स्थिति पैदा करने और सरकार को अस्थिर करने का बड़ा षड्यंत्र रचा जा रहा था। कई बार षड्यंत्रकारी प्रयास को कामयाब करने की कोशिश हुई, लेकिन बार-बार मुंहकी खानी पड़ी। सरकार जनता का अधिकार उन तक पहुंचा रही है इसको लेकर विपक्ष में खलबली है।

मुख्यमंत्री ने कहा, बड़ी विचित्र बात है देश में, र्भ्रष्टाचार को लेकर छाती पीट रहे हैं, लेकिन 20 साल तक सिर्फ शोषण किया है. किसान से लेकर मजदूर तक जवाब देंगे। जेएमएम आंदोलनकारी पार्टी है।

आदिवासी से लेकर पिछड़ों को बदनाम किया जा रहा है। ये सामंती सोच वाले लोग हैं। आज जब समाज बढ़ रहा है तो छ्वक्चढ्ढ और श्चष्ठ का सहारा लेते हैं।

जेएमएम नेता ने कहा, गैंग की पहचान हो चुकी है। यहां बाहरियों का नहीं, झारखंडियों का राज होगा। रोज इनकी सरकार बनती है, लेकिन सच यही है कि 4 उपचुनाव हार चुके हैं। इनका सूपड़ा साफ होगा।

गांव-गांव जाकर इसका संदेश दीजिये कि कैसे सरकार को बदनाम किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इनको झंडा ढोने वाला नहीं मिलेगा।

अगर जनता का आशीर्वाद है तो कोई भी लड़ाई लड़ने को तैयार है. सीबीआई और ईडी कितना स्वतंत्र है ये सबको पता है। बीजेपी में जाने वाला दूध का धुला हो जाता है और तप कर हम निकलेंगे. लड़ने की और ताकत मिलती है।

हेमंत सोरेन ने कहा, हम उपद्रव नहीं करते, पर जो अधिकार लेगा उसको छोड़ेंगे नहीं। राजनीतिक रोटी जल जाएगॉ। गुजरात में आदिवासी सीट बीजेपी को नहीं जाए, इसके लिये संभल जाइये। डबल इंजन सरकार का एक इंजन उतर गया है,

दूसरे की तैयारी है। 15 को स्थापना दिवस है और ये सरकार 5 साल पूरा करेगी. कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। गवर्नर का लिफाफा आज तक खुला नहीं. जब नीयत साफ हो तो ऊपरवाला साथ देता है। तैयार रहिए लड़ाई के लिए।

# नासिक में कबाड़ गोदाम,फर्नीचर की दुकान में लगी आग



**नासिक ,03 नवंबर 2022 ।** महाराष्ट्र के नासिक में वाडनेर-पाथर्डी रोड पर गुरुवार तड़के एक कबाड़ गोदाम और फर्नीचर की दुकान में आग लग गई, हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि तड़के साढ़े तीन बजे लगी आग में वाहनों समेत कई लाख रुपये की संपत्ति नष्ट हो गयी.

÷दो घंटे बाद 10 दमकल गाड़ियों को तैनात करने के बाद इसे बुझाया गया। किसी के घायल होने की सूचना नहीं थी। फर्नीचर की दुकान और गोदाम के कर्मचारी समय रहते भागने में सफल रहे।

# महशूर बेकरी में केक में मिले काकरोच



**जालंधर ,,03 नवंबर 2022 ।** महानगर में केक से कॉकरोच मिलने की एक बड़ी घटना सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना जालंधर के गुरु नानक मिशन चौक में स्थित मशहूर पाइरेट्स ऑफ ग्रिल रेस्टोरेंट की हैं। इस मामले को लेकर वीडियो काफी वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि जहां पर गढ़शंकर से आए एक युवक ने केक का आर्डर दिया था। जब वह इसे लेने के लिए आया तो उसमें से कॉकरेच निकला जिसे देखते हुए उसने इसकी वीडियो बना ली और उसे वायरल कर दिया। वीडियो में केक में कॉकरोच देखा जा सकता है. .यही नहीं जब इस बारे में युवक ने रेस्टोरेंट के मालिक से बात करनी चाही तो उसने इसके बदले में बिल माफ करने की बात की।

# बिहार में डेंगू का कहर जारी,पटना में सभी रिकॉर्ड टूटे

**पटना ,03 नवंबर 2022 ।** बिहार में छठ पर्व के गुजरने के बाद डेंगू मरीजों की संख्या में भले कमी आई हो लेकिन अभी भी डेंगू का कहर जारी है। पटना सहित राज्य के विभिन्न इलाकों में डेंगू मरीज मिल रहे हैं। इस साल सरकारी आंकड़ों पर गौर करें तो डेंगू ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

एक साथ इतने डेंगू के मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग भी सकते में हैं। बताया जाता है कि डेंगू के मरीज मिलने के बाद उसके घरों के आसपास एंटी लार्वा की फॉगिंग कराई जा रही है।

सरकारी आंकड़े स्वास्थ्य विभाग के हैं, जबकि हकीकत यह है कि निजी अस्पतालों में भी काफी संख्या में बुखार से पीड़ित मरीज उपचार करा रहे हैं, जिसमें डेंगू के संदिग्ध लक्षण हैं। कई मरीज घर में ही रहकर इलाज करा रहे हैं।

पटना जिले में डेंगू बीमारी का प्रकोप इतना अधिक है कि इसने अपना बीते छह साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साल 2016 से 2021 के बीच वर्ष 2019 में 2905 मरीज मिले थे, जिसका रिकॉर्ड जिले में 10 दिन पहले ही टूट चुका है। अब तक जिले में 5529 डेंगू के नये मरीज मिल चुके हैं।

एक अनुमान के मुताबिक, वर्तमान में भी पटना जिले में रोजाना 100 से अधिक नये मरीज चिह्नित किये जा रहे हैं। पटना के अस्पतालों पीएमसीएच, आइजीआइएमएस, एनएमसीएच के डेंगू वार्ड में अभी भी डेंगू के मरीज भर्ती हैं।

# वॉट्सऐप पर लोगों को कपड़े उतारती महिला की आ रही वीडियो कॉल



**नई दिल्ली ,03 नवंबर-2022 ।** लोगों को लूटने के लिए इन दिनों आनलाइन कई स्कैम चल रहे है। पिछले कुछ दिनों में सेक्सटॉर्शन के कई मामले सामने आए है। दरअसर लोगों को वॉट्सऐप पर वीडियो काल आ रही है जिसमें एक महिला अपने कपड़े उतारती हुई दिखाई देती है, जिसके मायाजाल में फंस कर लोग स्कैम का शिकार हो जाते है।

सेक्सटॉर्शन का शिकार हुए एक शख्स ने बिना अपनी पहचान उजागर करते हुए बताया कि उसे वॉट्सऐप पर एक वीडियो काल आई थी। लेकिन परिवार के साथ बैठे होने के कारण उसने इग्नोर किया। लेकिन बार-बार काल आने की वजह से उसे काल उठानी पड़ी। जैसे ही उन्होंने वॉट्सऐप कॉल रिसीव की, तो उसमें दूसरे तरफ एक महिला थी, जो काल शुरू होते ही अपने कपड़े उतारने लगी। इसी दौरान यूजर ने जब तक कॉल को डिस्कनेक्ट किया, स्कैमर्स का काम हो चुका था। फिर एक दूसरे नंबर से यूजर को कॉल आती है और स्कैमर उससे पैसे की डिमांड करता है। स्कैमर्स वीडियो कॉल पर यूजर की फुटेज का इस्तेमाल करके ऐसा वीडियो बना लेते हैं कि जैसे इस पूरी घटना में पीड़ित शख्स शामिल रहा हो। इस तरह के स्कैम को सेक्सटॉर्शन कहा गया है, और फिर पैसों की डिमांड की जाती है।

पुलिस की मानें तो स्कैमर्स बहुत स्मार्ट तरीके से लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं और ऐसे मामलों में उन्हें ट्रैक कर पाना मुश्किल होता है। इसलिए अगर आपको भी किसी अननोन नंबर से खबर आती है तो जरा सावधान रहे। क्योंकि आपकी एक गलती आपको बदनामी के साख कंगाली के राह पर धकेल सकती है।

## संपादकीय

### अंधकार में जाने की होड़

भारत इस समय किस मुकाम पर है? नेताओं के पास देश को सचमुच समृद्ध बनाने का कोई सुझाव नहीं है। बल्कि उनमें होड़ छिड़ी है कि कौन अंधकार का कितना साया फैला सकता है। अरविंद केजरीवाल को इलहाम हुआ। जैसाकि उन्होंने बताया कि जब वे दिवाली के दिन लक्ष्मी-गणेश की पूजा कर रहे थे, तभी ये विचार उनके दिमाग में कौंधा। इस तरह उन्हें भारत को समृद्ध बनाने का फॉर्मूला मिल गया। फॉर्मूला यह है कि अगर भारत की मुद्रा रुपये पर लक्ष्मी-गणेश की तस्वीरें छापी जाएं, तो भारत एक समृद्ध देश बन जाएगा। उनके तर्क पर गौर कीजिए। केजरीवाल ने कहा कि व्यापारी इसीलिए धनी होते हैं, क्योंकि वे लक्ष्मी-गणेश के फोटो लगा कर रखते हैं। सरल बात है कि जब इस कारण व्यापारी धनी हो सकते हैं, तो पूरा देश क्यों नहीं! तो अब केजरीवाल ने केंद्र से गुजारिश कर दी है कि वह जल्द से जल्द इस बारे में फैसला ले। बहरहाल, ये फॉर्मूला देश को समृद्ध बनाएगा या नहीं, यह दीगर प्रश्न है। इससे केजरीवाल को (कम से कम उन्हें तो यह लगता ही है) अपनी उच्चवर्णीय हिंदू छवि पेश कर इस मोर्चे पर भाजपा का मुकाबला करने का एक औजार जरूर मिलेगा।

इस तरह हाल में उनकी सरकार के एक दलित मंत्री के डॉ. अबेंडकर की हिंदू धर्म का प्रतित्याग करने संबंधित प्रतिज्ञाएं दोहराने से उनकी पार्टी के सामने जो मुसीबत आई, उससे कुछ मुक्ति मिलेगी। गौरतलब है कि उस मंत्री के उन प्रतिज्ञाओं को दोहराने की खबर को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बनाया। जिस समय गुजरात में विधानसभा चुनाव की बिसात सज चुकी है, केजरीवाल को अपने लिए यह नुकसान का सौदा लगा। इसलिए तुरत-फुरत उन्होंने उस मंत्री की छुट्टी कर दी। अब उन्होंने आगे बढ़ कर भाजपा को घेरने की चाल चली है। यह इस बात का संकेत है कि भारत इस समय किस मुकाम पर पहुंच गया है? जो नेता चर्चा में हैं, उनके पास देश को सचमुच समृद्ध बनाने का कोई गंभीर सुझाव नहीं है। उनमें इस बात की होड़ छिड़ी हुई है कि कौन अंधकार का कितना साया फैला सकता है, जिससे जनता को और कुछ ना दिखे। केजरीवाल का उदय कथित नई राजनीति शुरू करने का वादा करते हुए हुआ था। तब उन्हें अहसास हो गया कि अगर अंधकार का साया ठीक से फैलाया जाए, तो अच्छे-अच्छे अपनी दृष्टि खो देते हैं। अब वे उसी फॉर्मूले को आगे बढ़ा रहे हैं।

### मैं नहीं तनहां

पुष्पा स्वाती
मुम्बई

मैं नहीं तनहां न तनहां मेरी तनहाई है
साथ रहती मेंरे हर पल तेरी परछाई है
गूंजती हैं जो धड़कनों में कभी ख़ामोशी
तेरी आवाज फ़िज़ाओं में गुनगुनाई है
रात कितनी भी अंधेरी हो नहीं ग़म कोई
तेरी नजरों में चांदनी सी झिलमिलाई है
लाख जगराते लेके आए रात ये लेकिन
मेरी आंखों में तूने ख़्वाहिशें जगाई है
÷स्वाती÷अश्कों को न छलकाना कभी
लबो पे साथ की उम्मीद मुस्कुराई है

### हलाहल

प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

ज़िंदगी मिली हमको चार पल की
फ़िक्र इसमें क्यों करें हम कल की
जितनी हों मुश्किलें फिर भी यहाँ
बात निकले कोई न कोई हल की
कितने हैं खूबसूरत वो लब उस के
पंखुड़ी मानो हो किसी कंवल की
सिर्फ अमृत ही की बात होगी नहीं
बात करनी ही पड़ेगी हलाहल की
बात चाहे जितनी रहे इस गीतमें
मैं तो आप मुरीद हो गई ग़ज़ल की

### कटघरा

ओमप्रकाश बिन्जवे ÷ राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

सभ्य समाज, कटघरे मे खड़ा है।
आज रोटी का सवाल सबसे बड़ा है।
कहीं धूप, कहीं बे मौसम बरसात,
मौसम का मिजाज, जरा बिगड़ा है।
लाज लुटे,बम फटे, अजी उन्हें क्या ?
खुदगर्ज है इन्सां, चिकना घड़ा है।
शहादतें हैं झूठी, इंसाफ कौन करे,
कानून की आंखों में परदा पड़ा है।
उफ न करेंगे, हम आहें न भरेंगे,
दिल पे अपने, तीर ही ऐसा गड़ा है।
उसे मिटाने का, हमे मिटने का शौक,
हम कम नहीं, वो भी जिद पे अड़ा है।

### जज़्बात

आशीष शर्मा
अमृत
जयपुर, राजस्थान

कहीं तो कुछ हर तरफ अब बदल सा रहा है
मेरे अंदर का मैं भी कहीं अब गुम हो रहा है
यूँ खुद से कभी ऐसी जंग लड़ी कब थी मैंने ?
खुद से हार कर भी, जश्न जीत का हो रहा है
बदनसीब, तुझे फक्र किस बात का हो रहा है?
दुनिया दौड़ रही रफ़्तार में ,तू ख्वाब बुन रहा है
तेरे दर्द से वास्ता नहीं,इस मसरूफ दुनिया को
फिर किसका इंतेज़ार तू आज भी कर रहा है?
क्यूँ तू दुनिया को जीने का सलीका बता रहा है?
कौन है अब यहां तेरा,जो तेरी परवाह कर रहा है?
समझदारी की ये मिसाल तू देना किसी और को
किया क्या हासिल तूने,जिसपे फक्र तू कर रहा है?

# देवों के जागरण का पर्व देवउठनी एकादशी

## भगवान विष्णु स्वरूप सालिग राम और माता तुलसी की विशेष पूजा का पर्व एकादशी

अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

कार्तिक अमावाश्या के ठीक गयारहवें दिन एकादशी का पर्व आता है।जिसे देवउठनी एकादशी पर्व के रूप मे जाना जाता है।हमारे हिन्दु धर्म ग्रंथों मे यह उल्लेख है कि देवउठनी पर्व के सम्पन्न होने के बाद हिन्दुओं के देवों का जागरण हो जाता है।इस प्रकार से देव जागरण के बाद हिन्दुओं के सारे शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं।जैसे सगाई ,शादी ,मुंडन,गृह प्रवेश,शिलांन्यास,उदघाट्न या फिर कोई धार्मिक पूजा-पाठ, साधना-आराधाना, स्तुति आदि।इस शुभ पर्व एकादशी को ÷ ग्यारस÷ पर्व के नाम से भी जाना जाता है।इसी ग्यारस के शुभ अवसर पर तुलसी विवाह सम्पन्न किए जाते हैं।तुलसी विवाह समन्न करने के कुछ विधान होते हैं।जिसको हमारे हिंदू वर्ग बहुत हि सुंदर ढंग से विधि-विधान के साथ सम्पन्न करते हैं।

इस दिन प्रातः काल स्न्नान ध्यान करके पवित्र होकर तुलसी चौरे के पास गौ माता के पवित्र गोबर से लिपाई करके चावल के आटे से सुंदर चौक पूरे जाते है,इसके बाद फिर तुलसी चौरे के चारो तरफ गन्ने लाकर उसके ऊपर मंडप सजाया जाता है।और फिर भगवान विष्णु स्वरूप सालिग राम की पूजा अर्चना की जाती है।

और तुलसी का विवाह सम्पन्न किए जाते है।

ग्यारस एकादशी को छोटी दिवाली के रूप मे मनाया जाता है।इस हेतु फटाखे,फुलझड़ियाँ और दीप जलायी जाती है।इसी एकादशी से देवों के जागरण काल होने से देवों से यह प्रार्थना की जाती है की घर पारिवार में होने वाले भविष्य के सारे मांगलिक और धार्मिक शुभ



कार्य निर्विघ्न समन्न हो जाएँ।

एकादशी के दिन व्रत-उपासना, पूजा-पाठ का विशेष महत्व होता है।इस दिन बड़े बुजुर्ग सहित महिलाएं उपवास-व्रत रखती है।भगवान् विष्णु का भजन पूजन करती है।और उसे एक उत्सव के रूप में मनाती हैं।

इस एकादशी को देव-प्रबोधनी एकादशी के रूप मे भी माना जाता है।और भगवान विष्णु की पूजा करते हुए उसने स्वरूप सालिग राम और माता तुलसी का विवाह सम्पन्न किया जाता है।

ऐसी मान्यता है कि इसी अवसर पर भगवान विष्णु क्षीर सागर की शैया से जागरण करते है।ऐसे पावन अवसर को जानकर भक्त गण साधक, उपासक उनकी पूजा अर्चना कर उनका विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हुए उन्हे नाना प्रकार के पवित्र द्रव्य धुप-दीप ,पुष्प श्री फल, प्रसाद मौसमी फल सेव, केला,आवला,सिंघाड़ा, और मीठे पकवान के भोग समर्पित किए जाते हैं।

कार्तिक एकादशी मनाने के पीछे बहुत सुंदर कथा आती है।कथा के अनुसार जलंधर नाम का एक महान प्रतापी राजा था जो असुर कुल मे जन्मा था।जो बहुत अत्याचारी हो गया था।इस अत्याचारी असुर को खत्म करने के लिए भगवान विष्णु उसे मारने के उपाय सोंचा।और इस प्रकार दोनो के बीच घोर युद्ध होता है।

जलंधर की पत्नी तुलसी महान पतिव्रता थी।

इसके कारण भगवान विष्णु उसको परास्त नहीं कर पाए।उसको परास्त करने के लिए भगवान ने कुछ युक्ति करते हुए जलंधर का रूप धारण कर तुलसी का सतित्व भंग किया। और जलंधर को परास्त किया।इसकी जानकारी होने पर तुलसी माता ने भगवान विष्णु को पाषाण होने का श्राप दे दिया।इसके बाद भगवान ने तुलसी की पीड़ा को दूर करते हुए यह कहा की वह स्वयं उस पाषाण के रूप में सालिग राम के साथ तुम भी पूजी जाओगी।और भगवान ने यह भी कहा की एकादशी के दिन सालिग राम,तुलसी और शंख की पूजा की जायेगी तो विशेष आशीर्वाद और पुण्य की प्राप्ति होगी।

इस प्रकार से एकादशी के दिन हमारे हिन्दुओं मे इनकी पूजा करने का विशेष विधान होता है।जिसको समन्न करके हिन्दु अपने आप को धन्य मानता है।

# असमानता को रोका नहीं तो हालात होंगे भयावह

**यूएनआरआइएसडी की ओर से हाल ही में दुनिया में असमानता पर जारी की गई एक रिपोर्ट कहती है कि जल्द ही असमानता को रोकने की दिशा में कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में हालात बेहद भयावह होंगे और उनसे निपटना मुश्किल होता चला जाएगा।**

अमित बैजनाथ गर्ग
जयपुर,
राजस्थान

हाल ही में वैश्विक संगठन यूनाइटेड नेशंस रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर सोशल डवलपमेंट (यूएनआरआइएसडी) की ओर से दुनिया में असमानता पर एक रिपोर्ट जारी की गई है। इसमें असमानता के भयावह परिणामों की ओर इशारा करते हुए नया इको-सोशल सिस्टम बनाने पर बल दिया गया है। अक्टूबर, 2022 में जारी की गई यह रिपोर्ट दुनिया में बढ़ती असमानता की विशेषता को इंगित करती है। यह रिपोर्ट महामारी के करीब दो साल बाद आई है। इस दौर में वैश्विक अर्थव्यवस्था को धक्का लगा है, जिसने कई दशकों में पहली बार पूरी दुनिया को अत्यधिक गरीबी की ओर धकेल दिया है। रिपोर्ट कहती है कि लोकतंत्र के उदय, आर्थिक उदारीकरण और मुक्त बाजार के साथ आय और संपत्ति दोनों में व्यापक असमानता रही है। वर्तमान में वही हालात हैं, जो 20वीं सदी की शुरुआत में पश्चिमी साम्राज्यवाद के चरम के समय थे। कई देशों में हालात और भी बदतर हैं।

रिपोर्ट बताती है कि लाखों-करोड़ों लोगों के लिए बुनियादी जीवन स्तर में अंतर तो घट रहा है, लेकिन जीवन में फलने-फूलने के लिए उनकी जरूरतों में भी बदलाव आ रहा है। मौजूदा दौर में नई प्रकार की असमानताएं जड़ें जमा रही हैं, जो मुख्य रूप से शिक्षा, तकनीक और जलवायु परिवर्तन से उपज रही हैं। जमीन को हिलाकर रख देने वाले ये बदलाव समय रहते नहीं रोके गए तो एक ऐसी विशालकाय दरार के पैर पसारने का खतरा बढ़ जाएगा, जिसे दुनिया ने औद्योगिक क्रांति के बाद नहीं देखा है। बकौल रिपोर्ट, कई वजहों से लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। टिकटों की कीमत, पेट्रोल के दाम, राजनीतिक आजादी की मांगें, निष्पक्षता और न्याय की कोशिश आदि। यह असमानता का एक नया चेहरा है और असमानता समाधानों से परे नहीं है।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 1990 से अब तक मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में प्रभावशाली प्रगति देखने को मिली है और सबसे कम विकसित देशों सहित सभी क्षेत्रों को इसका लाभ मिला है। सबसे तेज आर्थिक वृद्धि 2000 से 2010 तक देखने को मिली, लेकिन उसके बाद से यह रफ्तार सुस्त हुई है। वर्ष 1990 से 2018 तक कई देशों ने मानव विकास के विषय में बेहतर प्रदर्शन किया है। उच्च मानव विकास वाले देशों की संख्या 12 से बढ़कर 62 हो गई है, जबकि कम मानव विकास वाले देशों की संख्या 62 से कम होकर 36 हो गई है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि असमानता की चुनौती समाधान से परे नहीं है और उससे निपटा जा सकता है, लेकिन अगर मौजूदा ढर्रे पर काम चलता रहा तो असमानता को नियंत्रण में लाना आसान नहीं होगा।

रिपोर्ट कहती है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में असमान वितरण देश की प्रगति को प्रभावित करता है। हालात बेहतर बनाने व असमानता की विकराल होती समस्या से निपटने के लिए रिपोर्ट में कई सुझाव दिए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जन्म काल से ही असमानता आरंभ होती है। शिक्षा व स्वास्थ्य में अंतर उसे और पैना करते हैं और यह बालिग होने तक जारी रह सकता है, इसलिए हालात सुधारने के लिए प्रयास व नीतियां भी जन्म या उससे पहले ही शुरू हो जानी चाहिए, जिसके केंद्र में बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, स्वास्थ्य व पोषण हों। ऐसे निवेश व्यक्ति के जीवन के उस चरण में विशेष रूप से जारी रहने चाहिए, जब वे श्रम बाजार में धन कमा रहे हों। महज श्रमिकों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए नीतियां पर्याप्त नहीं हैं और बाजार में असंतुलन से पार पाने के लिए एंटी-ट्रस्ट सहित अन्य नीतियों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

रिपोर्ट में एक सुझाव यह भी दिया गया है कि टैक्स को एक व्यापक नीति प्रणाली का हिस्सा होना चाहिए, जिसमें स्वास्थ्य और शिक्षा पर सार्वजनिक खर्च हो और कार्बन आधारित जीवन-शैली के विकल्प तलाश किए जाएं। समानता सुनिश्चित करने के लिए रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय टैक्स के नए सिद्धांतों की अहमियत को रेखांकित किया गया है और कॉरपोरेट टैक्स दरों को कम करने की दौड़ में शामिल होने से बचने की बात कही गई है। रिपोर्ट कहती है कि औसत आंकड़े अक्सर सच्चाई को सही रूप में प्रदर्शित नहीं करते। इसके अलावा असमानता से असरदार ढंग से निपटने के लिए विस्तृत जानकारी की आवश्यकता होती है, विशेषकर गरीबी के विविध आयामों से मुकाबले और पीछे छूट गए लोगों की सहायता के लिए।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भविष्य में असमानताओं का स्वरूप बदल सकता है और जलवायु संकट इसका एक प्रमुख कारण हो सकता है। कार्बन की कीमत तय करने वाली नीतियों का गलत प्रबंधन हो सकता है, लेकिन कार्बन प्राइसिंग के जरिए हासिल होने वाले राजस्व का इस्तेमाल अगर सामाजिक नीतियों के पैकेज के तहत करदाताओं के भले के लिए किया गया तो इससे असमानता को कम करने में मदद मिलेगी। नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, डिजिटल फाइनेंस और स्वास्थ्य समाधान दर्शाते हैं कि किस तरह नई तकनीकों और अवसरों का इस्तेमाल व्यापक रूप से जीवन स्तर को बेहतर बनाने में किया जा सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, तकनीकी क्रांतियों से पहले भी गहरी असमानताएं उभरी हैं और अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीकों से भी वैसी ही तस्वीर उभर रही है। ऐसी स्थिति में सामाजिक संरक्षण की जरूरत पर बल दिया जाना चाहिए, जिसके तहत उचित मुआवजा सुनिश्चित करने, जीवन-पर्यन्त सीखने में निवेश करने और डिजिटल गतिविधियों को टैक्स के दायरे में लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहमति बनाना आवश्यक होगा। इससे एक नई, सुरक्षित और स्थिर डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण करने में मदद मिलेगी, जिससे मानव विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। रिपोर्ट इस बात की ओर भी इशारा करती है कि जल्द ही इस दिशा में कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में हालात बेहद भयावह होंगे और उनसे निपटना मुश्किल होता चला जाएगा।

# वसुधैव कुटुंबकम की जीत है ऋषि सुनक का उद्भव

महात्मा गांधी मानते थे कि अंग्रेज अपनी सभ्यता में किसी को साझेदार नहीं बनाते उन्होंने 1921 में इंग्लैंड की पार्लियामेंट को बांझ बताया था। उन्होंने कहा था कि यह पार्लियामेंट जनता के लिए कोई कार्य नहीं करती उसका हाल बेसवा(वेश्या) की तरह है जो जिसका मंत्रिमंडल हो उसी की हो जाती है।उनका मत था कि जो अंग्रेज मतदाता है उसकी बाइबिल अखबार हैं।वे अखबारों से अपने विचार बनाते हैं अगर अखबार अप्रमाणिक हों और एक ही बात की दो शक्ल ले लेते हों तो एक दल वाले उसी बात को बड़ी बनाकर दिखलाते हैं। जिस देश में ऐसे अखबार हैं उस देश के आदमियों की कैसी दुर्दशा होगी। वे कहते थे कि अंग्रेजों ने जो कुछ भी हथियार के बल पर प्राप्त किया है वह गहन असंतोष की तरफ इस देश को ले जाएगा। अंग्रेज किसी गैर अंग्रेज को घुसने नहीं देते लेकिन एक समय आएगा जब हिंसा से अर्जित की गई यह तरक्की, उद्देश्य हीन हो जाएगी ।तब उन्हें दुनिया के लोगों को अपने सरोकारों में शामिल करना पड़ेगा ।वे कहते थे कि वेश्या एक कड़ा शब्द है परंतु जो मंत्रिमंडल उसे रखता है वह उसी के पास चली जाती है। आज उसका मालिक एस्क्विथ है तो कल बालफर होगा और परसों कोई तीसरा। लेकिन यह पार्लियामेंट तभी फलदाई होगी जब इसमें देश के रहने वाले सभी लोगों के हित शामिल होंगे। ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री बनने के साथ ही ब्रिटेन में गांधी द्वारा नस्लवाद को अस्वीकार करने की भविष्यवाणी सच सिद्ध हो गयी है ।नस्लवाद के ऊपर बहुलतावाद और उसके भी ऊपर योग्यतावाद को महत्व दिया जा रहा है ।दुनिया में पहली बार जनता के हित के उचित फैसले ना ले पाने के कारण इंग्लैंड की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने इस्तीफा देकर गांधी के उस विचार को ही स्थापित किया है जिसमें जनता के प्रति उत्तरदायी होने की अपेक्षा की गई थी।कोई भी पार्लियामेंट जब तक जनता के पक्ष में नहीं सोचेगी तब तक उसे फलदाई नहीं कहा जा सकता। हालांकि यह चुनौती भारत के सामने भी है।उसे एकाधिकारवाद के अंधकार की तरफ बढ़ने की बजाय बहुलतावादी भारत के प्रकाश की ओर बढ़ना चाहिये।

ब्रिटेन स्वयं नस्लवाद की परिक्रमा से बाहर निकल रहा है ,तब भारत के अंदर एक वर्ग इसे भारतीय नस्ल की विजय बताना चाहता है ।क्या जिस नस्लवाद को सैकड़ों साल बाद ब्रिटेन खारिज करने के लिए मजबूर हुआ है। वही नस्लवाद भारत को महान बना सकता है?

जो लोग इसे धर्म प्रचार के रूप में देखते हैं वे भारत के वसुधैव कुटुंबकम के सनातनी दर्शन पर चोट कर रहे हैं ।आज जब मौका है कि दुनिया में वास्तविक रूप में वसुधैव कुटुंबकम स्वीकार्य हो रहा है तब भारत के ही कुछ लोग उसे सांप्रदायिक संकीर्णता की विजय बताकर, हमारे हजारों साल के दर्शन की स्वीकार्यता को छोटा कर रहे हैं ।ऋषि सुनक का प्रधानमंत्री बनना मूलतः उस सनातन विचार की जीत है जिसने संपूर्ण पृथ्वी को अपना कुटुंब मानकर भारत का सोच फैलाया था। अपने छोटे से अहंकार की तुष्टी के लिए इतने महान विचार को पीछे धकेलना उचित नहीं कहा जा सकता।

-भूपेन्द्र गुप्ता-

# नारी की महत्ता व अस्तित्व को अवगत कराता पर्वःएकादशी देवउठनी

प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

हमारे छत्तीसगढ़ में तीज-त्यौहारों का बहुत महत्व है। यहाँ अनेक प्रकार के तीज-त्यौहार मनाये जाते हैं। कार्तिक मास में दीपावली के बाद देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाता है, जिसे %छोटी दीपावली% भी कहते हैं। इस दिन माता तुलसी और श्रीहरि विष्णु जी का विवाह शुभ माना जाता है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष के एकादश को देवउठनी एकादशी मनायी जाती है। पौराणिक कथानुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष से कार्तिक शुक्ल पक्ष चार माह तक भगवान श्रीहरि विष्णु जी क्षीरसागर में शयन करते हैं। भगवान विष्णु के शयनकाल में कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष के दिन चार माह की निद्रा से जागृत होने के बाद देवउठनी एकादशी मनायी जाती है। भगवान विष्णु जी के साथ-साथ सभी देवताओं की भी पूजा की जाती है। इसी दिन से शुभ एवं मांगलिक कार्यों का प्रारंभ होता है। कहा जाता है कि वृंदा राक्षस कुल में जन्मी एक कन्या थी। राक्षस कुल में जन्म लेने की बाद भी वह भगवान विष्णु की परम भक्त थी। जब वह विवाह योग्य हुई तब उसका विवाह जालंधर नाम के राक्षस के साथ हुआ। वृंदा बड़ी ही पतिव्रता स्त्री थी। सदैव अपने पति की सेवा में लगी रहती थी। अपने पति जालंधर को हर समस्या से बचाती थी। वह भगवान की भक्ति कर के उनकी रक्षा करती थी।

एक बार भीषण देवासूर संग्राम हुआ। जालंधर एक बहुत बलशाली दानव था। जब देवताओं से युद्ध करने जालंधर जा रहा था, तभी वृंदा ने कहा - ÷हे स्वामी मैं आपकी विजयी होने के लिए घोर तपस्या करूँगी। भगवान से प्रार्थना करूँगी कि जब तक आप विजय लौटकर नहीं आयेंगे, तब तक मैं तप में लीन रहूँगी। जालंधर युद्ध में चला गया। वृंदा अपने तप में लीन हो गयी। वृंदा के तप का प्रभाव देवताओं को दिखने लगा। युद्ध में देवताओं की हार होने लगी। तभी देवताओं ने श्री हरि विष्णु जी के पास जाकर प्रार्थना करने लगे- ÷ त्राहि माम...! त्राहि माम...! हे प्रभु ! हमारी रक्षा कीजिए। युद्ध में हम देवतागण हारने लगे हैं। यह वृंदा के तप का प्रभाव है। पर अब जैसे भी हो, वृंदा का तप भंग होना ही चाहिए। हमारी मदद कीजिए स्वामी। भगवान विष्णु बोले- ÷वृंदा मेरी परम भक्त है। मैं उनके साथ छल नहीं कर सकता। देवतागण विनती करने लगे, तब विष्णु जी देवहित को ध्यान रख जालंधर का वेष




धारण कर के वृंदा के द्वार पर पहुँचे। उन्हें देखकर वृंदा खुश हो गयी; और पूजा छोड़ दी। उसकी ईश्वर के प्रति एकाग्रता ध्वंस हुई। उसी समय वृंदा का संकल्प टूट गया; और जालंधर मारा गया। जालंधर का कटा हुआ सिर महल में गिरा। तभी वृंदा की दृष्टि जालंधर का वेश धारण किये श्रीहरि विष्णु जी पर पड़ी। उसने श्री हरि विष्णु जी को पहचान लिया। श्रीहरि का छल वृंदा समझ गयी। उसने श्री विष्णु जी को श्राप दे डाला। श्रीहरि विष्णु जी एक पत्थर बन गये। वृंदा अपने पति का सिर लेकर सती हो गयी। उसके राख से पौधा निकला। श्री विष्णु जी उस पौधे का नाम तुलसी रखा; और कहा कि मैं हमेशा तुलसी के साथ पत्थर रूप में रहूँगा। शालिग्राम के नाम से मुझे जाना जाएगा। तब से इन दोनों की एक साथ पूजा होती है।

कार्तिक माह में उनका विवाह हुआ था,तब से आज तक लोग इस दिन को तुलसी विवाहोत्सव के रूप में मनाते आ रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ रीति रिवाज

हमारे छत्तीसगढ़ में विभिन्न रीति -रिवाज हैं । इस पर्व को अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग ढंग से मनाया जाता है। इस दिन गन्ना-पूजा का विशेष महत्व होता है। लोग अपने-अपने घरों में गन्ना की पूजा करते हैं। इसी दिन से गन्ना की पहली कटाई की जाती है। इसलिए इसकी पूजा होती है।

तुलसी विवाह के दिन महिलाएँ व्रत रखती हैं। सुबह से शाम तक पूजा-पाठ में लीन रहती हैं।

### पूजा सामग्री

चावल आटे का दीया, गन्ना, कलश, आम्रपत्र, घी, चंदन, गुलाल, कुमकुम, पीला अक्षत,पीला वस्त्र,अगरबत्ती, हल्दी, कपूर,धूप,सुपारी, दूबी, फूल-माला व श्रृंगार समान-साड़ी, लाल चुनरी, चूड़ी, बिंदी; साथ ही नारियल,लाल कांदा, कोचई, चना भाजी, बेर इत्यादि चढ़ाते हैं।

### पूजा की विधि

इस दिन पुरुष व महिलाएँ दोनों व्रत रखते हैं। इसे एकादशीव्रत के नाम से जाना जाता है। अपने व्रत को पूर्ण करने के लिए सबसे पहले तुलसी माँ को लाल चुनरी और साड़ी से सजाते हैं। चौकी में पीला वस्त्र बिछाते हैं। उस पर कान्हा जी को बिठाते हैं। उसके सामने कलश में चावल भर कर आम की पत्तियों से सजाते हैं। उसके ऊपर चावल आटे के घी का दीया रखते हैं। गोबर से गौरी-गणेश बनाते हैं। आजकल गोबर नहीं मिलने के कारण दो सुपारी में रुई को भिगाकर गौरी-गणेश बनाते हैं। गन्ने को मण्डप जैसा सजाकर उसकी पूजा करते हैं। साथ में क्षेत्रानुसार फल-फूल, कांदा, कोचई, नारियल फल आदि तथा भाजी,बेर अन्य सामग्री चढ़ाते हैं। घर-घर रंगोली बनायी जाती है। तुलसी में नारी-श्रृंगार का सामान रखते हैं। महिलाएँ सदा सुहागन रहने की मन्नतें माँगती हैं। घर के सभी सदस्य बारी-बारी से पूजा-अर्चना करते हैं। आरती गाते हैं। गन्ना की पूजा करते हैं। इन सब रस्मों के साथ तुलसी और विष्णु जी का विवाह सम्पन्न हुआ; माना जाता है। घर के सदस्य खुशी-खुशी बड़ों का आशीर्वाद लेते हैं। बच्चे आतिशबाजी करते हैं। सब प्रसाद ग्रहण करते हैं।

हमारे छत्तीसगढ़ में एक रिवाज है कि पूजा सम्पन्न होने के बाद एक-दूसरे के घर प्रसाद पहुँचाते हैं। इस तरह छोटी दीपावली पर्व की शुभकामनाएँ देते हैं। इससे लोगों में प्रेम, भ्रातृत्व, एकता जैसे मानवीय भावनाएँ पनपती हैं। कई क्षेत्रों में आज के दिन भी राऊत भाई गायों को सोहई बाँधते हैं। दोहा पारते हैं। फिर उन राऊत भाइयों को विदा करते हुए उन्हें सुपा भर धान व राशि भेंट करते हैं, जिसे सुखधना कहा जाता है।

### आग तापने की रस्म

हमारे गाँव-देहात के लोग भोजन ग्रहण करने के बाद एक जगह इकट्ठे होते हैं। घरों में पुरानी टुकनी या लकड़ी को जलाकर आग सेंकते हैं। उसके चारों तरफ परिक्रमा करते हैं। प्रार्थना करते हैं कि हमारे शरीर में किसी भी तरह की बीमारी प्रवेश न हो। हे अग्नि देव ! हमारी रक्षा करना। माना जाता है कि इसी दिन से ठंड की शुरूआत होती है। ठंड से बचने के लिए भी अग्निदेव से प्रार्थना करते हैं।

### सामाजिक सन्देश

यह एक श्रद्धा-भक्ति का त्यौहार है। पर आधुनिकता के चलते धीरे-धीरे ये रीति-रिवाज खत्म होती जा रही है। आजकल शहरों में तुलसीविवाह की रस्म गन्नापूजा तक ही सिमट कर रह गयी है। एक-दूसरे से मेल-मिलाप व प्रसाद-वितरण की रस्में खत्म होती जा रही है। हमें इन रस्म-रिवाजों को जीवित रखनी है; जिससे भावी पीढ़ी देवउठनी पर्व के रीति-रिवाजों से अनभिज्ञ न हो।।

### आवाज दो,हम एक हैं

राजेन्द्र लाहिरी
पामगढ़
छत्तीसगढ़

बैठक जारी थी,
बहुतों की उपस्थिति थी,
तो बहुतों की फरारी थी,
एकत्रित होने का कारण जुदा था,
पंचायत का नायाब मुद्दा था,
किसी गधे को किसी गधे ने
गधा बोल दिया था,
बहस के लिए पूरा
ब्लैक होल खोल दिया था,
अब बोलने वाला गधा परेशान,
सुनने वाला गधा परेशान,
फैसला सुनाने वाले गधे परेशान,
पंचों ने कहा कि
भविष्य में इस तरह के
तीखे शब्द कहने से
हर कोई बचने का प्रयास करें,
इसके लिए योगा करते हुए
वाकपटुता का अभ्यास करें,
फिर फैसला आया कि
इस तरह के छोटे छोटे मुद्दों से
सभी गधे दूर रहें,
एकता तोड़ने का प्रयास
अक्षम्य, असहनीय होगा,
तो भाइयों वक़्त की जरूरत है
हम सबको एकता दिखाना है,
अपने मूल शब्द एक साथ चिल्लाना है,
एक, दो, तीन,
सबने आवाज लगाई---
हुंआ, हुंआ, हुंआ।

### वैसे मैं अधूरी

गरिमा राकेश
गौत्तम गर्विता
कोटा
राजस्थान

जैसे इज्य अधूरा दान के बिना,
जैसे निशा अधूरी चाँद के बिना,
जैसे प्रसून अधूरा गंध के बिना,
वैसे मैं अधूरी कृष्ण के बिना।
जैसे भक्त अधूरा भगवान के बिना,
जैसे भक्ति अधूरी भाव के बिना,
जैसे इंद्रधनुष अधूरा रंगो के बिना,
वैसे मैं अधूरी कृष्ण के बिना।
जैसे वृक्ष अधूरा पर्णो के बिना,
जैसे नारी अधूरी संतान के बिना,
जैसे रवि अधूरा ताप के बिना,
वैसे मैं अधूरी कृष्ण के बिना।
जैसे कागज अधूरा कलम के बिना,
जैसे देह अधूरी प्राणों के बिना,
जैसे जीवन अधूरा संघर्ष के बिना,
वैसे मैं अधूरी कृष्ण के बिना।

### नहीं बांधा जा सकता

प्रीति चौधरी
मनोरमा
बुलंदशहर
उत्तर प्रदेश

प्रेम उन्मुक्त पवन के जैसा,
इसको नहीं बांधा जा सकता।
लेकर कलम काव्य पृष्ठ पर
इसे नहीं साधा जा सकता।
नदी समान यह तो बहता है
हर क्षण प्रिय के तन-मन में।
इसकी ही सुगंध बिखरी है
दीवानी सी धड़कन में।
इसकी आलौकिक शक्ति को,
कभी नहीं आंका जा सकता।
प्रेम उन्मुक्त पवन के जैसा,
इसको नहीं बांधा जा सकता।।प्रिय
का रूप धवल सा दर्पण
लगता जैसे श्वेत मयंक।
सुध-बुध बिसरा देती राधा
आकर के मोहन के अंक।
अंतर्मन में प्रेम है कितना
कब इसको झांका जा सकता।
प्रेम उन्मुक्त पवन के जैसा,
इसको नहीं बांधा जा सकता।।
प्रेम कहाँ देखे रंग रूप
यह सीरत का प्रेमी होता।
रखकर प्रिय का अक्स हृदय में,
हर क्षण जागे हर क्षण सोता।
चाहे दूर रहे प्रिय दृग से,
अंतर से ताका जा सकता।।
प्रेम उन्मुक्त पवन के जैसा ,
इसको नहीं बांधा जा सकता।।

### चिंता के बादल छाएं हैं

रामेश्वर
दास भान
करनाल
हरियाणा

हरियाणा में चुनाव का अब दौर चल रहा है,
चुनाव में खड़ा होकर अपना प्रयोग कर रहा है,
धन बल से काम करने में सब मशगूल हैं,
रात-रात भर चलते बैठकों के अब दौर है,
शराब अब घर-घर तक पहुँचाई जा रही है,
पीने वालों की मौज अब बड़ी आ रही है,
कई शराबी तो महीनो भर की इकट्ठी करने में जुटे हैं,
जिससे भी मिल जाए सब अपने घर में भरे हैं,
दिन बड़े खुशियों भरें फ्री में पाने वालों के आएं हैं,
साख है जिनकी दांव पर मन में चिंता के बादल छाएं हैं,

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# स्कूलों में बिना विद्युतीकरण के करोड़ों का भुगतान,न्यायालय में परिवाद पेश

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत राजीव गांधी शिक्षा मिशन के तहत वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 में प्राथमिक शाला/ माध्यमिक शाला भवनों में विद्युतीकरण के कार्यों में फर्जी बिल वाउचर लगाकर करोड़ों रुपए की शासकीय राशि के गबन करने के मामले में डीके सोनी अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा 3 नवंबर को एक परिवाद धारा 156(3) के तहत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंबिकापुर के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसमें उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2011-12 तथा 2012-13 में सर्वशिक्षा अभियान के तहत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में कुल 1005 शालाओं में विद्युतीकरण कार्य हेतु 30,000 प्रतिशाला के मान से रुपए तीन करोड़ एक लाख पचास हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी शालाओं में बिना विद्युतीकरण कार्य किए राशि का भुगतान संबंधित ठेकेदार को कर दिया गया है तथा पूर्णता प्रमाण भी जारी किया जा चुका है।

उक्त कार्यों के संबंध में एक शिकायत कमिश्नर सरगुजा के समक्ष किया गया था जिसके आधार पर एक जांच दल का गठन करने का आदेश दिया गया था उक्त जांच दल के द्वारा प्राप्त शिकायत के संबंध में विधिवत जांच किया गया तथा दिनांक 2/5/2015 को जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय रायपुर को भेजा गया उक्त जांच प्रतिवेदन में यह उल्लेख किया गया कि 1)अनुबंध क्रमांक 303/डी. एल./ 2012-13 के तहत माध्यमिक शाला डीएल 2012-13 के तहत 7 नग माध्यमिक शाला 2) अनुबंध क्रमांक 304/डी.एल./ 2012-13 के तहत 8 नग माध्यमिक शाला 3)अनुबंध 328/डी.एल./2012-13 के तहत 4 नग माध्यमिक शाला एवं 10 नग प्राथमिक शाला 4) अनुबंध क्रमांक 329/डी.एल./2012-13 के तहत 9 नग माध्यमिक एवं 6 नग प्राथमिक शाला 5) अनुबंध क्रमांक 337/डी.एल. 2012-13 के तहत 8 नग माध्यमिक शाला 6) अनुबंध क्रमांक 340/डी.एल. 2012-13 के तहत 14 प्राथमिक शाला 7) अनुबंध क्रमांक 339/डी.एल. 2012-13 के तहत 14 प्राथमिक शाला 8) अनुबंध क्रमांक 264/डी.एल/2012-13 के तहत 14 नग प्राथमिक शाला का स्थल परीक्षण कर वहां पदस्थ प्रधान




पाठकों का बयान दर्ज किया गया है। निरीक्षण के दौरान उक्त शाला में विद्युतीकरण का कार्य नहीं होना पाया गया है। उपरोक्त विद्युतीकरण कार्य हेतु कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग(वि./यां) को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया था जिसके द्वारा ठेके के माध्यम से कार्य संपादित होना बताया जाकर संपूर्ण राशि का भुगतान कर दिया गया है। इस तरह बिना कार्य के भुगतान होना बताया गया है। उपरोक्त सभी कार्यों का फर्जी मूल्यांकन तथा मेज़रमेंट अधिकारी और ठेकेदार के द्वारा किया गया और उपरोक्त कार्य के करोड़ों रुपए की राशि का भुगतान भी फर्जी दस्तावेज के आधार पर तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन अभियंता श्री एच एल शर्मा मूल पद सहायक अभियंता एवं एसडीओ रीता सेन तथा सब इंजीनियर रूपाली सिन्हा एवं सीमा साहू के द्वारा किया गया जो कि जांच प्रतिवेदन से प्रमाणित है। अधिकारी एवं ठेकेदार के द्वारा शासकीय राशि का गबन करने के लिए दस्तावेजों में कूट रचना की गई और फर्जी दस्तावेज तैयार का शासकीय राशि आहरण किया गया जो कि साफ तौर पर एक आपराधिक कृत्य है। एचएल शर्मा सहायक अभियंता के पद पर मूल रूप से पदस्थ थे लेकिन उनके द्वारा एवं अन्य अधिकारियों एवं ठेकेदार की साथ मिलकर संयुक्त रूप से मिलीभगत का सर्वशिक्षा अभियान के तहत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में विद्युतीकरण कार्य हेतु कुल 1005 शालाओं के लिए आवंटित राशि 3,01,50,000/- रुपए का फर्जी देयक तैयार किया गया और शासन को करोड़ों रुपए का क्षति पहुंचाया गया एवं बिना कार्य किए कार्य पूर्ण होना बताकर अधिकारियों के द्वारा ठेकेदार को राशि का भुगतान किया गया जो कि साफ तरीके से धोखाधड़ी, चीटिंग एवं फर्जीवाड़ा प्रमाणित है। डीके सोनी अधिवक्ता के द्वारा उपरोक्त दस्तावेजों के आधार पर अधिकारी एवं ठेकेदार के विरुद्ध दिनांक 19 सितंबर 2022 को कोतवाली अंबिकापुर में कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर शासकीय राशि का गबन करने के संबंध में अपराध अंतर्गत धारा 409, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत पंजीबद्ध किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया था लेकिन कोई अपराध दर्ज नही किया गया जिसके बाद दिनाक 29/9/22को पुलिस अधीक्षक सरगुजा के समक्ष भी आवेदन देकर प्रथम सूचना पत्र दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया लेकिन करोड़ो के घोटाला करने वालो के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके बाद दिनाक 3/11/22को धारा 156(3)दंड प्रक्रिया संहिता के तहत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंबिकापुर के न्यायालय में परिवाद पेश किया गया जिसमे 7 नवंबर 22को प्रकरण सुनवाई हेतु नियत किया गया है।

# नशीली कफ सिरप के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर. , 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

नशीली कफ सिरप के साथ बतौली पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बतौली थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय को मुखबिर से जानकारी मिली की दो व्यक्ति नशली काफ सिरप लेकर जशपुर से बतौली की ओर आ रहे हैं। सूचन पर पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक




सवार युवकों को रेकर पूछताछ की। इस दौरान बाइक सवार जितेन्द्र यादव निवासी भटको व असलम खान निवासी नर्मदापुर द्वारा बाइक में नशीली काफ सिरप लकर परिवहन किया जा रहा था। पुलस ने इनके कब्जे से कुल 50 नग कफ सिरप जब्त किया गया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने बताया कि ग्राम भटको निवासी जितेन्द्र यादव व नर्मदापुर निवासी असलम को देने के लिए लाए थे। इनके निशानदेह पर पुलिस ने इन दोनों को भी बाइक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस के मामले में कुल चार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दी है।

# संजीवनी 108 के कर्मचारियों व निजी एंबुलेंस चालकों के बीच सांठगांठ,मरीजों को भेजा जा रहा निजी अस्पताल

**» संजीवनी 108 के कर्मचारियों व निजी एंबुलेंस चालकों के बीच सांठगांठ, मरीजों को भेजा जा रहा निजी अस्पताल**




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

प्रतापपुर में काम करने के दौरान तीन कर्मचारी 33 केवी हाइटेंशन तार के संपर्क में आ जाने से गंभीर रूप से झुलस गए थे। तीनों मरीजों को प्रतापपुर स्वास्थ्य केन्द्र से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। तीनों मरीजों को संजीवनी 108 से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल तो लाया गया पर संजीवनी के कर्मचारी जिन्दगी और मौत से जुझ रहे मरीजों को अस्पताल के आपाताकालीन में उपचार कराने के बजाए सौदा करने लगे। संजीवनी 108 के कर्मचारियों की मदद से तीनों मरीजों को दो निजी एंबुलेंस की मदद से निजी अस्पताल भेज दिया गया। ये पूरी घटना का एक व्यक्ति द्वारा वीडियो मोबाइल से बनाया जा रहा था। इस दौरान निजी एंबुलेंस संचालक उक्त व्यक्ति के साथ गाली गलौज व मारपीट भी की गई। इससे स्पष्ट है कि संजीवनी 108, निजी एंबुलेंस संचालक व निजी अस्पतालों ये तीनों एक गिरोह के रूप में काम कर रहा है।बुधवार को प्रतापपुर मंडी में लाइट लगाने का काम चल रहा था। मंडी के ऊपर से 33 केवी का हाइटेंशन तार गुजरा हुआ है। कामा के दौरा लोहे की सिढ़ी हाइटेंशन तार के संपर्क में आ जाने से तीन मजदूर गंभीर रूप से झूलस गए थे। मेराज खान, राजन व अजय को इलाज के लिए प्रतापपुर अस्पताल ले जाया गया। यहां स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। संजीवनी 108 क्रमांक सजी 04 एनडी 6187 से तीनों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज लाया तो गया पर संजीवनी के कर्मचारियों द्वारा मरीजों को आपातकालीन डॉक्टर से दिखाने के बजाए निजी एंबुलेंस संचालक से संपर्क कर प्रइवेट अस्पताल भेज दिया गया। इनका पहले से ही सांठगांठ था। संजीवनी 108 व निजी एंबुलेंस संचालकों के बीच गहरी सांठगांठ है। इसमें शहर के निजी अस्पताल भी शामिल है। निजी अस्पताल से मरीजों को बहला फूसला कर अच्छे इलाज करवाने का झांस देकर प्रावेट अस्पताल ले जाने का पहले भी काई बार मामला सामने आ चुका है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रशासन को दिए थे। इसके बाद मेडिकल कॉलेज द्वारा सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती की गई थी। निजी एंबुलेंस परिसर में प्रवेश पर वर्जित किया गया था। इसके बावजूद भी मामला रूकने का नाम नहीं ले रहा है।

# 10 नवंबर तक समितियों में बारदाना करें जमा:कलेक्टर

- संवाददाता -
रामानुजगंज 03 अक्टूबर 2022 (घटती घटना)



कलेक्टर विजय दयाराम के.ने मिलरों से मिलों में उपलब्ध बारदानों की जानकारी लेते हुए 10 नवम्बर तक समितियों में बारदाना जमा करने तथा मिलरों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि बारदाना जमा करते समय यह ध्यान दें की बारदाने फटे व खराब न हो, इसके साथ ही उन्होंने सभी मिलरों को मिल का पंजीयन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ने फोर्टिफाइड राइस तथा एफसीआई को दिए जाने वाले चावल की गुणवत्ता व उसके अनुरूप खरीदी कराने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने को कहा। इस दौरान उन्होंने मिलरों की समस्याएं सुनी तथा उनका नियमानुसार निराकरण करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर अनमोल विवेक टोप्पो, खाद्य अधिकारी शिवेन्द्र काम्ठे,नान अधिकारी आर.एन.सिंह, जिला विपणन अधिकारी राजपति पाण्डेय,सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं आर.एन.पैकरा एवं राईस मिलर्स उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण में लेटलतीफी,स्थानीय नागरिकों के साथ भाजपा ने किया सड़क जाम



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

निर्माणाधीन दरिमा मोड़ से नवानगर मार्ग का काम लंबे समय से बंद पड़े होने के कारण मार्ग में उड़ रही भारी धूल व बिखरी पड़ी नुकीली गिट्टियों से लोग परेशान हैं। परेशान होकर गुरुवार को स्थानीय नागरिकों द्वारा भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जन्मेजय मिश्रा, क्षेत्रीय नेता दारा सिंह, बुधमेत कुजुर, किसान मोर्चा जिला महामंत्री मनोज कंसारी की उपस्थिति में करजी चौक पर चक्का जाम किया गया। 28 किमी लम्बी दरिमा मोड़ से नवानगर मार्ग का निर्माण विगत 2 वर्षों से चल रहा है और अभी सात-आठ माह से कार्य बंद पड़ा है। लोक निर्माण विभाग व उनके ठेकेदारों की हीला हवाली व लापरवाही के चलते 28 किलोमीटर का यह मार्ग भी अपूर्ण है। निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण मार्ग में धूल उडने से आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है तथा यात्रियों के साथ-साथ मार्ग के अगल-बगल रहने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सड़क पर गिट्टी बिछाया गया है। इसेस दो पहिया वाहन चालकों को चलना मुश्किल हो रहा है। प्रशासन से अनेकों बार आग्रह करने के बावजूद भी कार्य शुरू नहीं कराया गया। इसेस परेशान होकर गुरुवार को स्थानीय नागरिकों ने भाजपा के नेतृत्व में करजी चौक पर बड़ी संख्या में एकत्रित होकर निर्माण एजेंसी व सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए चक्काजामा कर दिया। चक्काजाम होने से सड़क के दोनों ओर वाहलों की लंबी लाइन लग कई। सूचना पर पुलिस व तहसीलदार मौके पर पहुंचे और अंदोलनकारियों से बात कर चक्काजाम समाप्त करवाया। अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद चक्काजाम 10 दिनों के अंदर कार्य प्रारंभ कराने के लिखित आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। इस दौरान मनोज कंसारी, गोपाल राजवाड़े, श्रवण सिंह, राजू सिंह, सोमेंद्र कुशवाहा, प्रेम सूर्यवंशी, अतीष पांडे, अंशुमल गर्ग, विनोद सोनी, सरपंच संजय सिंह, जगदीश खलखो, धीरेंद्र सारथी, प्रकाश सारथी, राकेश ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दीवार पेंटिंग के माध्यम से लोगों को बताया गया स्वच्छता का महत्व




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

देवीगंज वार्ड के चित्र मंदिर गली में जन सहयोग से नगर पालिक निगम अंबिकापुर द्वारा महापौर डॉक्टर अजय तिर्की ,सभापति अजय अग्रवाल, आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई , एमआईसी सदस्य द्वितेंद्र मिश्रा, शैलेन्द्र सोनी, संध्या रवानी, पार्षदगण, पूर्व पार्षद हेमंत सिन्हा द्वारा स्वच्छता जागरूकता हेतु श्रमदान के माध्यम से दीवार पेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि व्यापारीगण, स्वच्छता दीदी, स्काउट गाइड के वॉलंटियर, स्थानीय नागरिक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सहभागी रहे। इस कार्यक्रम में सभी द्वारा नागरिकों को स्वच्छता के महत्व को समझने और अपने घर एवम प्रतिष्ठान के साथ साथ नगर को भी स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया गया। उल्लेखनीय है की जन सहभागिता के माध्यम से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन किया जा रहा है। महापौर एवं आयुक्त द्वारा नागरिकों, व्यापारी संघ, एनजीओ एवं अन्य संगठनों से अपील की गई की आप सभी अपने अपने क्षेत्र में भी इस तरह के जनभागीदारी कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता अभियान को और मजबूती प्रदान कर नगर को स्वच्छ रखने में योगदान दे।

# सड़कों के गड्ढों और उठ रही धूल को लेकर एनएसयूआई ने लोनिवि मुख्य अभियंता को घेरा



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा की खराब सड़कों सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को एनएसयूआई ने मुख्य अभियंता कार्यालय लोक निर्माण विभाग का घेराव किया। घेराव के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

लोक निर्माण विभाग को सौंपा ज्ञापन में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष निकेत चौधरी व कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्तमान में सरगुजा संभाग की सड़को की हालात अत्यंत जर्जर एवं दयनीय है। आए दिन नागरिकों के स्वास्थ्य एवं जान माल के साथ खिलवाड हो रहा है। संपूर्ण बनारस मार्ग, अंबिकापुर- दरिमा मार्ग- बरियों- धौरपुर, रघुनाथपुर मार्ग, लुण्ड्रा मार्ग, राजपुर, कुसमी मार्ग, लटोरी- भैयाथान मार्ग एवं अन्य मार्ग ऐसे है जहां लोगों का सांस लेना दूभर हो चुका है सड़क पर गड्ढे तो है ही, वर्तमान में खराब सड़कों से उड़ रही धूल से लोग परेशान हैं। मार्गो की स्थिति एवं कार्य की धीमी प्रगति अधिकारियों की घोर लापरवाही का प्रतीक है। जो राज्य मुखिया भूपेश बघेल की आज्ञा का उल्लंघन एवं जानबूझकर सरकार की छवी खराब करने का कुत्सीत प्रयास है।एनएसयूआई सरगुजा ने पीडब्ल्यूडी मुख्य अभियंता कार्यालय का घेराव करते हुए सात दिवस के अन्दर गड्डा मुक्त सड़क और डामरी करण किया किए जाने की मांग की। इसके साथ ही सात दिवस के अन्दर जर्जर एवं निर्माणधीन सड़को पर पानी छिड़काव कि पर्याप्त व्यस्था किए जाने की मांग की गई।

# कोयला उत्खनन के गैर वानिकी कार्य के लिए डायवर्सन की प्रक्रिया निरस्त करने कहा

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ सरकार ने हसदेव अरण्य क्षेत्र में परसा खुली खदान के लिए वनभूमि का कोयला उत्खनन के गैर वानिकी कार्य के लिए डायवर्सन की प्रक्रिया निरस्त करने कहा है। स्वस्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक टीएस सिंह देव ने हसदेव अरण्य क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की मांग पर राज्य सरकार पर परसा कोल ब्लॉक निरस्त करने की मांग की थी। टीएस सिंह देव की पहल पर जल एवं पर्यावरण विभाग के सचिव ने मुख्य वन संरक्षक और वन महानिरीक्षक को डायवर्सन की प्रक्रिया निरस्त करने और केंद्र सरकार को खदान का आबंटन निरस्त करने की कार्रवाई करने कहा है। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम ने परसा ओपन कास्ट कोल खदान की 841.548 हेक्टेयर वन भूमि का कोयला उत्खनन के काम लिए व्यपवर्तन का आवेदन लगाया था। स्वस्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने हसदेव अरण्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था और पर्यावरण सन्तुलन की बिगड़ती स्थिति से मुख्यमंत्री एवं वन विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करा, खदान की स्वीकृति निरस्त करने कहा था। राज्य शासन ने तत्सम्बन्ध में परसा कोल खदान के डायवर्सन की प्रक्रिया निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया है। हसदेव अरण्य क्षेत्र में प्रभावित गांवों के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने स्वस्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव के प्रति आभार जताया है।

# कलेक्टर ने धौरपुर-लुण्ड्रा-रघुनाथपुर सड़क निर्माण कार्य किया निरीक्षण

## गुणवत्ता जांचने खुदवाई सड़क, दो उप अभियंताओं को नोटिस





- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

राज्य शासन के मंशानुरूप रोड निर्माण कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने लुण्ड्रा जनपद में पीडब्ल्यूडी के द्वारा बनाये जा रहे धौरपुर-लुण्ड्रा-रघुनाथपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य नही होने के कारण नाराजगी जताते हुए खुद सड़क में उतरकर मटेरियल का सैम्पल कलेक्ट कराया। कुल 3 जगह से सड़क निर्माण के सैम्पल लिए गए तथा जांच के लिये लैब भेजा गया। रोड निर्माण में प्रथम दृष्टया लापरवाही की बात सामने आने पर निर्माण कार्य में संलग्न दोनो उप अभियंताओं की सैलरी रोकने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित ग्रामीणों से रोड निर्माण कार्य के संबंध में पूछ-ताछ की। ग्रामीणों ने गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने का निवेदन किया। कलेक्टर ने रोड में उड़ते धूल और बिखरे गिट्टी के चलते किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से सड़क निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# सीतापुर शहर से सुर तक और काराबेल एवं प्रतापगढ़ बाजार की सड़कें होंगी दुरुस्त : अमरजीत भगत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सीतापुर क्षेत्र के लोगों की ज़रूरतों को देखते हुए छत्तीसगढ़ सहारकार में कैबिनेट मंत्री एवं सीतापुर विधायक अमरजीत भगत ने सीतापुर शहर से सुर तक और काराबेल एवं प्रतापगढ़ बाज़ार की सड़कों के डामरीकरण हेतु तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्रवासियों ने उन्हें अपनी ज़रूरतों से अवगत कराया। उनकी बातों पर गौर करते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने



तुरंत लोकनिर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता, पिपरी को इनकी मरम्मत का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्र की उपरोक्त सड़कों का उल्लेख करते हुए तत्काल डामरीकरण करने को कहा। शहरी क्षेत्र की सड़कों के डामरीकरण से सड़क के आसपास निवासरत लोगों को धूल से निजात मिलेगी।

कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने इस संदर्भ में कहा, ÷विकास एक सतत प्रक्रिया है जो लगातार चलती रहनी चाहिए, सीतापुर क्षेत्र समय के साथ लगातार विकसित हो रहा है। सड़कों की देखभाल और समय-समय पर इनकी मरम्मत की ज़रूरत पड़ती है ताकि आम लोगों को इससे परेशानी न हो। आम लोगों की मूलभूत ज़रूरतों की पूर्ति के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

# स्टेट बैंक से लाखों की उठाईगिरी,पुलिस के अनुसार 3 लाख व जनचर्चाओं में उठाई गिरी की रकम 9 लाख बताई जा रही

## मनेंद्रगढ़ स्टेट बैंक से लाखों की उठाईगिरी का मामला आया सामने,पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

### संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज में हुए कैद, पुलिस पहचानने में भी जुटी,फुटेज जारी कर पहचान जानने की कोशिश जारी।





- रवि सिंह -
मनेंद्रगढ़ 3 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

नवीन एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के स्टेट बैंक शाखा से लाखों के उठाई गिरी का मामला सामने आया है जिसमें प्रमोद सिंह परिहार नाम के व्यक्ति ने बैंक से निकाले लगभग 3 लाख रुपये, दो संदिग्धों ने पार की रकम, जिले सहित आसपास के जिलों एवम सीमावर्ती मध्यप्रदेश के पुलिस थानों में मनेंद्रगढ़ पुलिस ने दी सूचना,संदिग्धों की तलाश जारी, संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज में हुए कैद,पुलिस पहचानने में भी जुटी,फुटेज जारी कर पहचान जानने की कोशिश भी जारी। पुलिस द्वारा उठाईगिरी की रकम 3 लाख बताई जा रही है वहीं जनचर्चाओं के अनुसार यह रकम 9 लाख बताई जा रही है अब यह रकम कितनी है यह तो प्रार्थी ही बता पाएगा पर प्रार्थी से बात ना होने की वजह से रकम स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना 2 दिन पूर्व की है उठा गिरी के बाद प्रार्थी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिसके बाद पुलिस द्वारा बैंक का सीसीटीवी निकालकर उठाईगिरी करने वाले आदमी की तस्वीर वायरल की है और पहचान करने वाले के द्वारा इसकी जानकारी देने की अपील की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रमोद सिंह परिहार नाम के व्यक्ति ने अपने खाते से 9 लाख 90 हजार रुपये निकाले और उसमें से 3 लाख रुपये उठाईगीरों ने पार कर दिया। पूरा मामला गुरुवार दोपहर का बताया जा रहा है जब प्रमोद सिंह परिहार नाम का व्यक्ति बैंक से पैसा आहरण करने पहुंचा और पैसा आहरण कर जैसे ही वह जाने लगा उसे रकम कम जान पड़ी और जब उसने पैसों की जांच की 3 लाख कम मिला, पैसा गायब होने की सूचना थाने में दर्ज कराई है जिसकी सूचना मिलते ही मनेंद्रगढ़ पुलिस जांच में जुट गई है और सीसीटीवी में दिख रहे व्यक्ति की पहचान के लिए फोटो को सार्वजनिक किया गया है अब देखना यह है कि उठाई गिरी करने वाले तक पुलिस कब तक पहुंचती है पर सवाल यह भी है कि आखिर दिनदहाड़े उठाईगिरी होने से व्यक्ति कितना सुरक्षित है?

# किसान मोर्चा के प्रदेशध्यक्ष पवन साहू का कोरिया में नागर व खुमरी भेंट कर किया गया भव्य स्वागत



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 3 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त यशस्वी प्रदेशध्यक्ष पवन साहू जी का प्रथम कोरिया आगमन भाजपा जिला कार्यालय बैकुण्ठपुर में हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में एवं किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद साहू के अध्यक्षता में किसान मोर्चा का कामकाजी बैठक भाजपा जिला कार्यालय बैकुंठपुर में संपन्न हुआ।

जिसमें पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े जी, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री गोमती द्विवेदी जी, किसान मोर्चा कोरिया प्रभारी श्री राकेश तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष द्विवेदी, किसान मोर्चा दुर्ग के जिलाध्यक्ष विनायक ताम्रकर, किसाना मोर्चा कवर्धा के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चन्द्राकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, भाजपा जिला मंत्री पंकज गुप्ता, जिला संवाद प्रमुख बसंत राय, किसान मोर्चा जिला महामंत्री नरेश्वर रजक, किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष आशीष मजूमदार, सुनील मीश्रा, मंडल अध्यक्ष भानूपाल, अभिमन्नू मुदुली, मंडल महामंत्री महेन्द्र साह, सुभाष साहू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंचल राजवाड़े, भाजयुमो मंडल महामंत्री दिनेश साहू, रमेश राजवाड़े, सुशील यादव, आलेख नामदेव, हर्षल गुप्ता, प्यारे साहू, जगनारायण साहू, विनोद राजवाड़े एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# विधायक प्रतिनिधि ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस,लगाया गंभीर आरोप कहां उपार्जन केन्द्र में सजायाफ्ता व्यक्ति मैनेजर के पद पर है कलेक्टर से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही





- संवाददाता -
अंबिकापुर , 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंहदेव ने 3 नवंबर दिन गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहां की कहां की लखनपुर विकासखंड के ग्राम चादो धान उपार्जन केंद्र में सजा काटकर आए व्यक्ति मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं जो कि संविधान के खिलाफ है। सरगुजा कलेक्टर से शिकायत के बाद भी अब तक सजायाफ्ता मैनेजर को पद से पृथक नहीं किया गया तथा किसी भी प्रकार की कार्यवाही अब तक नहीं की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंह देव ने कहा कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चांदो में प्रबंधक के पद रहकर रूदन रजवाड़े के द्वारा बड़े रूप में वित्तीय अनियमितता किया गया था। अपराध सिद्ध होने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट अंबिकापुर द्वारा अर्थदंड के साथ सजा सुनाई गई थी वह कई महीने जेल में भी रह चुके हैं। साथ ही शासकीय सेवा में कार्य करने के लिए 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए जबकि वर्तमान मैनेजर आठवीं उत्तरीन है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष व जनपद सदस्यों के द्वारा सरगुजा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चांदो धान उपार्जन केंद्र में मैनेजर के पद पर पदस्थ रुदन रजवाड़े को पृथक कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की गई थी। परंतु अब तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसे लेकर किसानों व कांग्रेसियों में रोष व्याप्त है। कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में इसकी शिकायत आगे की जाएगी।

# दो माह से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को नहीं मिला अतिरिक्त मानदेय और आवश्यक पंजियां:अभिनव द्विवेदी

### भूपेश सरकार के आने के बाद से ही लगातार हो रही अनियमितताएं, सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव द्विवेदी ने मुख्यमंत्री, मुख्यसचिव और सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग को लिखा पत्र।



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 3 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जगत जननी कहे जाने वाली महिला और इन्हीं के लिए बने महिला एवं बाल विकास विभाग में महिलाओं के रुप में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं के साथ ही हो रहा जमकर शोषण। जी हां कोरिया और नवगठित जिले मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर समेत समूचे प्रदेश में पदस्थ लगभग 50,000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और लगभग 50000 सहायिकाओं को पिछ्ले दो माह मिलने वाले अतिरिक्त मानदेय से जानबूझकर वंचित किया जा रहा है। यह ऐसा पहली बार नहीं है जब इन न्यूनतम मजदूरी मद में कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं सहायिकाओं को विलंब से भुगतान मिल रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव पी द्विवेदी ने पूरे मामले की जानकारी लेते हुए बताया कि जब से प्रदेश में मौजूदा भूपेश की सरकार बनी है तब से ऐसी स्थिति निरंतर निर्मित हो रही है। प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्रालय और संचालनालय में बैठे अफसरों के उदासीनता और नजर अंदाज करने के कार्यशैली के कारण ही ऐसी स्थिति निरंतर निर्मित होते आ रही है जिसमें मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कड़ाई से निर्देशित करते हुए व्यवस्था को सुधारने हेतु सामाजिक कार्यकर्ता ने पत्र भी लिखा है। जब सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव पी द्विवेदी को इसकी जानकारी मिली तो सामाजिक कार्यकर्ता ने तत्काल कोरिया जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग प्रीति खोखर चखिहार से बात की और कहा कि पता करते हैं। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव पी द्विवेदी ने तत्काल सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग भुवनेश यादव से भी बात कर दो माह से अतिरिक्त मानदेय ना मिलने की बात बताई जिस पर सामाजिक कार्यकर्ता ने तत्काल भुगतान कराने हेतु आग्रह भी किया है। सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव पी द्विवेदी ने कहा कि प्रशासन के आला अफसर हमेशा न्यूनतम मजदूरी पाने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के पीछे ही बिना सुविधा मुहैया कराए उन्हें परेशान क्यों करते हैं,। सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव पी द्विवेदी ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि उनके साथ कोई रहे या ना रहे,हम हमेशा साथ हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव पी द्विवेदी ने यह भी कहा कि हाल ही में भारतीय मजदूर संघ से संबंद्धता रखने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के नव नियुक्त प्रदेश महामंत्री स्वंय एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता होने के उपरांत भी आज तक भुगतान में हो रही लेट लतीफी पर आगे क्यों नहीं आई और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ना मिलने वाली पंजियों को लेकर अब तक कोई कदम क्यों नहीं उठाई? सवाल अब यह है कि प्रदेश में सुपोषण जैसे महा अभियान को सफल बनाने वाली धरातल की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं के साथ ही जब शासन प्रशासन अनदेखी करेगा तो भला योजनाएं सफल कैसे होगी?

# एकतरफ राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहें हैं,दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में कांग्रेसी कांग्रेसियों को ही तोड़ रहें हैं:संदीप दुबे

- » राज्योत्सव में सरगुजा संभाग में कई जिलों में कांग्रेस नेताओं ने बड़े नेताओं पर उपेक्षा का लगाया आरोप।
- » अम्बिकापुर, बैकुंठपुर ,मनेंद्रगढ़ में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन, लगाया उपेक्षा का आरोप



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 3 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा जो राहुल गांधी निकाल रहें हैं और लगातार पैदल चलकर भारत के लोगों को जोड़ने की बात कह रहें हैं उस यात्रा का छत्तीसगढ़ में विपरीत ही प्रभाव पड़ता नजर आ रहा है और छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी आपस मे एक दूसरे को पछाड़ने और नीचा दिखाने का कोई अवसर नहीं जाने दे रहें हैं जिसका जीता जागता उदाहरण सरगुजा संभाग के कई जिला मुख्यालयों में राज्योत्सव के समय देखा गया। अम्बिकापुर बैकुंठपुर मनेंद्रगढ़ में कांग्रेस के ही नेताओं ने बड़े नेताओं द्वारा अपनी उपेक्षा का आरोप लगाया और विरोध भी दर्ज किया।

भाजपा नेता संदीप दुबे ने निशाना साधते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में अम्बिकापुर के विधायक एवम स्वास्थ्य मंत्री के समर्थको को मंच पर ही नहीं जाने दिया गया जैसा कि आरोप लगा है और इससे साबित होता है कि किस तरह कांग्रेस पार्टी में आपसी खींचतान मची हुई है,वैसे बता दें कि पूरे सरगुजा संभाग में ही अम्बिकापुर विधायक स्वास्थ्य मंत्री समर्थकों को कार्यक्रम से दूर रखा गया सम्मान नहीं दिया गया क्योंकि प्रयास अम्बिकापुर विधायक स्वास्थ्य मंत्री की लोकप्रियता को कम करने का लगातार जारी है और इसीलिए ऐसा किया गया। वैसे स्वास्थ्य मंत्री अम्बिकापुर विधायक टी एस सिंहदेव की छवि और उनकी लोकप्रियता भले ही कम करने का प्रयास जारी है लेकिन ऐसा प्रयास सफल होगा लगता नहीं है, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की 15 साल बाद सत्ता में वापसी टीएस सिंहदेव के द्वारा बनाई गई जन घोषणा पत्र के भरोसे ही हो पाई है इस बात से छत्तीसगढ़ का कोई भी व्यक्ति इंकार करने की स्थिति में नहीं है और जो टी एस सिंहदेव की लोकप्रियता कम करना चाहते हैं वह जानते हैं कि टी एस सिंहदेव को यदि जरा भी स्वतंत्रता दी गई वह प्रदेश में हावी हो जाएंगे और उनकी लोकप्रियता जो है भी वह स्थापित होने लगेगी और इसीलिए उन्हें और उनके समर्थकों को राज्योत्सव जैसे कार्यक्रम में भी मंचस्थ नहीं होने दिया गया और जिस कारण विरोध भी दर्ज हुआ। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की आपसी गुटबाजी का राज्योत्सव कोई पहला मौका नहीं था इसके पहले भी यहाँ गुटबाजी सामने आ चुकी है और दिल्ली तक परेड विधायकों का इसका उदाहरण रहा है वैसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा उन राज्यों में वह उद्देस्य पूरा नहीं कर पा रही है जो उद्देस्य यात्रा का है और छत्तीसगढ़ सहित राजस्थान की कांग्रेस पार्टी की आपसी लड़ाई गाहे बगाहे सुर्खियों में रहती है।

# देर शाम सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार पहुंचे तहसील कार्यालय लखनपुर



- संवाददाता -
लखनपुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार बुधवार की देर रात तहसील कार्यालय लखनपुर के औचक निरीक्षण में पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित दस्तावेजों का अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि जिले में धान खरीदी कार्य प्रारंभ हो चुका है। समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी समितियों मे आवश्यक मूलभूत व्यवस्था किया गया है। शासन की महत्वाकांक्षी धान खरीदी योजना के संबंध में कृषि विभाग, खाद्य विभाग और राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि किसानों के पंजीयन प्रक्रिया या किसी भी स्तर में लापरवाही करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों तथा कर्मचारियों के ऊपर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। धान खरीदी प्रक्रिया में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखें। अधिकारी कर्मचारी लगातार धान खरीदी केंद्रों में विज़िट करें। किसी कारणवश पंजीयन से छूटे किसानों का पंजीयन अतिशीघ्रह करें।

**धान खरीदी के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश**

निरीक्षण के दौरान जिला सीईओ विश्वदीप, एसडीएम शिवानी जायसवाल, उपसंचालक कृषि एमआर भगत,तहसीलदार गरिमा ठाकुर, नायब तहसीलदार एजाज हाशमी, सभी आरईओ तथा समिति प्रबंधक उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ का निर्माण यशस्वी प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई के द्वारा किया गया: दिनेश्वर मिश्रा



- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़ 3 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ का निर्माण भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेई द्वारा किया गया था। छत्तीसगढ़ निर्माण के अवसर पर जिला, केन्द्र शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राजोत्सव कराया गया लेकिन अब समस्त कार्यक्रम काग्रेसी प्रचार एवम दिखावा कांग्रेस का रह गया है जो घोर निंदनीय है।

उक्त आशय का बयान जारी करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश्वर मिश्रा ने कहा है कि कहीं पर भी छत्तीसगढ़ निर्माणकर्ता अटल जी का न फोटो लगाया गया और न ही उनका कहीं पर उल्लेख किया गया यह एक घृणित कृत्य है। मनेन्द्रगढ़ में कांग्रेस के जनप्रतिनियों, पदाधिकारियों द्वारा भी कार्यक्रम में नीचे बैठकर अपना विरोध प्रदर्शन किया गया है। कार्यक्रम जब केवल कांग्रेस का था तो उसकी रूप रेखा बैठक व्यवस्था की पहले चर्चा कर बैठक व्यवस्था करना चाहिए था। जहाँ एक और राज्य बनने की खुशी मे कार्यक्रम रखा गया है जहाँ पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चो के बुलवाया गया है वहां पर ऐसा अशोभनीय व्यवहार पूरे कार्यक्रम पर प्रश्न चिन्ह लगाता है । इस संबंध में प्रशासन का भविष्य में ऐसी कोई अप्रिय घटना न घटे इसकी चिन्ता करना चाहिए ।श्रध्देय अटल जी को महत्व न देना एक गंभीर विषय है जिसकी मैं भत्सना करता हूँ।

# जल-संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त एसडीओ के पुत्र को मिला मिस्टर हैंडसम अवार्ड

### अरबाज खान के हाथों दिल्ली में मिला नितेश को मिस्टर हैंडसम अवार्ड योगेश शुक्ला ने मुलाकात कर दी बधाई।



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 3 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

स्काई वॉक द्वारा देश की राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की मिस्टर मिस मिसेज इंडिया वर्ल्ड 2022 प्रतियोगिता का आयोजन विगत दिवस हुआ था। जिसमे शहर के युवा नितेश राय ने कई प्रबल दावेदारों को पिछाड़कर मिस्टर हैंडसम का खिताब अपने नाम किया। उक्त खिताब जीतने के बाद वे मीडिया से मुखातिब हुए बताया कि प्रारंभिक पढ़ाई बैकुंठपुर में ही हुई इसके बाद बंगलौर से स्नातक करने के बाद आईएसबीएम पुणे से एमबीए का खिताब हासिल किया और वर्तमान में पुणे में ही एक आईटी कंपनी में कार्यरत है। वहीं से इनका रुझान मॉडलिंग में हुआ। आपको बता दें नितेश ने कॉलेज के फैशन शो में अवार्ड जीता था इसके बाद कई शो में भाग लेकर बढ़िया प्रदर्शन किया और जीता इसी समय कई अन्य कंपटीशन की तैयारी की ओर स्काईवॉक का ऑडिशन दिया जहां लाखों लोगो ने अपनी दावेदारी पेश की थी। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद श्री राय का सिलेक्शन हुआ और कई चरणों में खरा उतरने के बाद बॉलीवुड के हीरो अरबाज खान द्वारा मिस्टर हैंडसम 2022 का राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया। अपने पिता को बताया अपना आदर्श- नितेश ने अपने जीत के पीछे सबसे बड़े आदर्श और सहायक अपने पिता को बताया साथ ही कहा कि उनके बड़े भाई भी उन्हें हमेशा सपोर्ट करते रहे इसके साथ ही उन्हें मिल्खा सिंह फिल्म ने भी प्रेरित किया जिसमे कहा गया है की दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम से सब कुछ हासिल किया जा सकता है।

पिता हुए गौरवान्वित कहा ये गौरवान्वित करने वाला पल- नितेश राय के पिता जेपी राय जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त एसडीओ रहे है। जिनका कार्यकाल स्वच्छ रहा है और शहर के गणमान्य नागरिक है उन्होंने पुत्र के इस उपलब्धि को गौरवान्वित करने वाला क्षण कहा और छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रौशन करने के लिए बेटे को प्रेरित किया।

बॉलीवुड में भी होता है सिलेक्शन- आपको बता दें कि स्काई वॉक के द्वारा आयोजित उक्त प्रतियोगिता में देश और विदेश से लोग शामिल होते है जो हर पैमाना में खरा उतरता है जजों के द्वारा विजेता घोषित किया जाता है और उन्हें मायानगरी मुंबई में भी अपना जौहर दिखाने को मिलता है। नितेश राय ने बताया कि मुझे अभी ऑफर आ रहे है क्योंकि मॉडलिंग और एक्टिंग अलग अलग फील्ड है जल्द ही आप सबका स्नेह रहा तो जीवन में अच्छा मुकाम हासिल होगा।

शहर के गौरव नितेश का रनाई जमीदार व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता योगेश शुक्ला ने किया सम्मानित- शहर के गौरव नितेश का रनई जमीदार योगेश शुक्ला के द्वारा मुलाकात कर सम्मान किया गया और उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें सराहा और कहा कि इनके अंदर काफी प्रतिभा है जो प्रतिभा के बदौलत ही इतने बड़े अवार्ड से सम्मानित हुए हैं, इनके द्वारा राज्य सहित जिले व शहर सभी को गौरवनित किया गया है इनकी जितनी भी सराहना करो कम है आगे भी इसी प्रकार है मुकाम हासिल करते रहे यही मेरी कामना है इस कामना के साथ उन्होंने उन्हें बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया।

CMYK

# इमरान खान की रैली में फायरिंग,पूर्व पीएम घायल,अस्पताल ले जाया गया

**इस्लामाबाद, 03 नवम्बर 2022।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रैली में फायरिंग हुई है। बताया जा रहा है कि गोलीबारी इमरान के कंटेनर के पास हुई है। इस दौरान कई लोगों के घायल होने की खबर है। कुछ रिपोर्ट्स में एक की मौत का दावा किया जा रहा है। हालांकि, इमरान खान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है और उसे अज्ञात जगह पर लेकर गई है।

पाकिस्तान मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, वजीराबाद में जफर अली खान चौक के पास पूर्व पीएम और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के कंटेनर के पास फायरिंग हुई जिसमें इमरान सहित कुछ और नेता घायल हो गए हैं। इस बीच इमरान खान का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने मुझे नई जिंदगी दी है। मैं दोबारा से लड़ूंगा।

पैर में गोली लगने की खबर

पाकिस्तान की एआरवाई न्यूज रिपोर्ट की मानें तो गोली लगने से इमरान खान घायल हो गए हैं। उनके दाएं पैर में गोली लगी है और उन्हें करीब के ही अस्पताल में ले जाया गया है। इमरान के करीबी फवाद चौधरी ने कहा कि इमरान के पैर में गोली लगी है। पीटीआई नेता फर्रूख हबीब ने कहा, कायरों ने अपना चेहरा दिखा दिया है। इमरान खान हमले में घायल हैं। पूरे देश को उनकी सलामती के लिए दुआएं करनी चाहिए।

जियो टीवी के फुटेज से पता चला है कि 70




वर्षीय खान के दाहिने पैर में चोट लगी है। पुलिस ने इमरान को कंटेनर से बुलेट प्रूफ वाहन में शिफ्ट कर दिया। चैनल ने बताया कि एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस ने उसे अज्ञात स्थान पर ले गई है। शुरुआत में यह बताया गया था कि इमरान खान सुरक्षित हैं और कुछ लोग घायल हुए हैं। हालांकि, बाद में पता चला कि इमरान भी घायल हो गए हैं। ऐसी भी खबरें हैं कि हमले में खान के करीबी सीनेटर फैसल जावेद भी घायल हुए हैं।

### पाकिस्तानी मंत्री बोले- इमरान सुरक्षित, दोषियों को देंगे सख्त सजा

पाकिस्तानी मंत्री मुहम्मद बशारत राजा ने कहा कि पंजाब के सीएम ने इमरान खान के कंटेनर के पास हुई गोलीबारी की घटना पर सख्त संज्ञान लिया है और जमीनी रिपोर्ट के अनुसार हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पाकिस्तानी मंत्री ने गुरुवार को एक ट्वीट में कहा, इमरान खान सुरक्षित हैं। सीएम ने कंटेनर के पास फायरिंग की घटना पर सख्त संज्ञान लिया है। आईजी पंजाब से रिपोर्ट मांगी गई है। जमीनी रिपोर्ट के अनुसार अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसमें शामिल सभी लोगों को जल्द ही न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

# ऋण पुनर्गठन पर सक्रिय हुआ श्रीलंका, लेनदारों से की दूसरे दौर की अहम बातचीत



**कोलंबो, 03 नवम्बर 2022।** श्रीलंका ने गुरुवार को अपने लेनदारों के साथ दूसरे दौर की महत्वपूर्ण बातचीत की। राज्य के वित्त मंत्री शेहान सेमासिंघे ने कहा कि संकटग्रस्त श्रीलंका आईएमएफ के साथ एक समझौते के लिए उनसे ऋण पुनर्गठन का आश्वासन प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। श्रीलंका ने 16 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ 2.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर का राहत पैकेज जारी करने पर बातचीत की थी, जिसका पूरा होना ऋण पुनर्गठन पर देश के लेनदारों के आश्वासन पर टिका है। पहला दौर वाशिंगटन में पूरा हुआ। सेमासिंघे ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में कहा कि हमने यह सुनिश्चित करने के लिए एक और बैठक निर्धारित की है कि सभी मामलों को स्पष्ट किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका, आईएमएफ और वित्तीय और कानूनी सलाहकारों के अलावा सभी द्विपक्षीय लेनदार ऋण पुनर्गठन वार्ता की प्रगति की समीक्षा करने के लिए भाग लेंगे। हमारे द्विपक्षीय लेनदारों से वित्तीय आश्वासन हमारे लिए आईएमएफ निदेशक मंडल की मंजूरी प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। वार्ता का विवरण उपलब्ध नहीं था। श्रीलंका ने आईएमएफ के साथ अगस्त के अंत में कर्मचारी-स्तरीय समझौता किया था जिसमें उसे 4 वर्षों में 2.9 बिलियन अमेरीकी डॉलर मिलने हैं। इसका पूरा होना ऋण पुनर्गठन पर श्रीलंका के लेनदारों के आश्वासन पर निर्भर करता है।

आईएमएफ के साथ बातचीत का नेतृत्व करने वाले राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि इस सप्ताह उन्हें उम्मीद है कि जनवरी तक यह सुविधा मिल जाएगी। श्रीलंका सरकार ने मई में ऋण पुनर्गठन के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनी और ऋण सलाहकार नियुक्त किए थे, जब देश ने इतिहास में पहली बार अपने अंतरराष्ट्रीय ऋण डिफॉल्ट घोषित किया था। श्रीलंका लगभग दिवालिया हो चुका है और उसने अपने 51 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विदेशी कर्ज को चुकाना बंद कर दिया है, जिसमें से उसे 2027 तक 28 बिलियन अमेरिकी डॉलर चुकाना होगा।

# उत्तर कोरिया ने प्रशांत महासागर की ओर दागी मिसाइल,जवाबी कार्रवाई के बीच जापान में अलर्ट

**सोल , 03 नवम्बर 2022।** रूस और यूक्रेन में जारी जांग के बीच अब कोरिया प्रायद्वीप में जंग का खतरा मंडराने लगा है। उत्तर कोरिया ने एक मिसाइल जापान के ऊपर से प्रशांत महासागर की ओर दागी। कल उसने दक्षिण कोरिया के विवादित क्षेत्र में कई मिसाइलें दागी थीं। इसके बाद दक्षिण कोरिया ने भी जवाबी मिसाइलें दागीं। इसे देखते हुए जापान में अलर्ट जारी किया गया है।

दक्षिण कोरिया व उत्तर कोरिया के बीच तनाव जंग की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। उत्तर कोरिया के सैन्य शासक किम जोंग उन के आदेश पर बुधवार को दक्षिण कोरिया के विवादित समुद्री क्षेत्र में मिसाइल दागे जाने से कोरिया प्रायद्वीप में तनाव बढ़ गया है। तनाव उस वक्त और बढ़ गया जब उत्तर कोरिया द्वारा दागी गई बैलिस्टिक मिसाइल जापान के ऊपर से होते हुए प्रशांत महासागर की ओर बढ़ी। इसे देखते हुए जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा के कार्यालय ने आपातकालीन अलर्ट जारी किया है।



### जापान में नागरिकों को बंकरों में छिपने का निर्देश

उत्तर कोरिया द्वारा लगातार मिसाइलें दागे जाने के बाद जापान ने अपने कुछ इलाकों में नागरिकों को बंकरों में छिपने का निर्देश दिया है। जापान सरकार ने %जे वॉर्निंग% जारी की है। यह चेतावनी गंभीर हालातों में जारी की जाती है।

### 23 मिसाइलों के जवाब में दक्षिण कोरिया ने दागीं तीन मिसाइलें

बुधवार को उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर 23 मिसाइलें दागी थीं। एक मिसाइल दक्षिण कोरियाई के समुद्री क्षेत्र के समीप गिरी थी। इसके जवाब में दक्षिण कोरिया ने भी अपने लड़ाकू विमानों से तीन मिसाइलें उत्तर कोरिया की ओर दागी थीं।

### दक्षिण कोरिया ने लड़ाकू विमानों से दिया जवाब

दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक-योल ने कहा कि उत्तर कोरिया को इस हिमाकत की कीमत चुकानी होगी। दोनों देशों का विभाजन 1945 में शुरू हुआ था, उसके बाद पहली बार विवादित क्षेत्र में मिसाइल दागी गई। उत्तर कोरिया ने पहली बार एक ही दिन में इतनी मिसाइलें दागी हैं। दक्षिण कोरिया के लड़ाकू विमानों ने भी हवा से जमीन पर वार करने वाली मिसाइलें दागीं। इनमें अमेरिका से मिलीं मिसाइलें शामिल हैं, जो 360 किलो विस्फोटक सहित 270 किमी दूर तक वार कर सकती हैं।

### उत्तर कोरिया ने कहा- यह %विजिलैंट स्टॉर्म ऑपरेशन% का जवाब

उत्तर कोरिया की सत्ताधारी वर्कर्स पार्टी की सेंट्रल कमेटी में सचिव पाक जोंग चोंग ने कहा कि ये मिसाइलें दक्षिण कोरिया व उसके मित्र देशों के सैन्य अभ्यास का जवाब हैं। अभ्यास और उसमें शामिल लड़ाकू विमानों का लक्ष्य उत्तर कोरिया था। इसका नाम 90 के दशक में इराक में अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन 'डेजर्ट स्टॉर्म' से प्रभावित होकर 'विजिलैंट स्टॉर्म' रखा गया था।

### अमेरिका ने किया विजिलैंट स्टॉर्म का बचाव

अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा की है। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री पार्क जिन से फोन पर बातचीत में इसे सैन्य उकसावे की गंभीर कार्रवाई बताया। इससे पहले मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा था कि विजिलैंट स्टॉर्म ऑपरेशन पूरी तरह रक्षात्मक अभ्यास था। इसमें उत्तर कोरिया के प्रति कोई शत्रुता नहीं थी।

# इंडोनेशिया ने भारत को सौंपी आर-20 सम्मेलन की अध्यक्षता,अगले साल भारत में होगा




**बाली , 03 नवम्बर 2022।** इंडोनेशिया ने गुरुवार को ग्रुप ऑफ 20 फोरम के धार्मिक समूह आर20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता भारत को सौंपी, जिसकी मेजबानी नई दिल्ली 2023 में करेगी। हैंडओवर समारोह भारत सरकार और यहां के धार्मिक नेताओं के लिए आयोजित किया गया था जो 2023 में जी-20 रिलीजन फोरम की मेजबानी करेगा। आर-20 (ऋ20) इंडोनेशिया के जी-20 अध्यक्षकता के तहत शुरू किए गए जी-20 कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का हिस्सा है। यह इस साल 2-3 नवंबर से इंडोनेशिया के बाली में वैश्विक नेताओं को जुटाने के लिए आयोजित किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि धर्म 21वीं सदी में समस्याओं के बजाय समाधान के एक खुले और गतिशील स्रोत के रूप में कार्य करे।

भारत और इंडोनेशिया के बीच दो सहस्राब्दियों से घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध

भारत और इंडोनेशिया के बीच दो सहस्राब्दियों से घनिष्ठ सांस्कृतिक और वाणिज्यिक संबंध हैं। हिंदू, बौद्ध और बाद में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने भारत के तटों से इंडोनेशिया की यात्रा की थी। रामायण और महाभारत के महान महाकाव्यों की कहानियां इंडोनेशियाई लोक कला और नाटक के स्रोत हैं। साझा संस्कृति, औनिवेशिक इतिहास और स्वतंत्रता के बाद के राजनीतिक संप्रभुता के लक्ष्य, आर्थिक आत्मनिर्भरता और स्वतंत्र विदेश नीति का द्विपक्षीय संबंधों पर एकीकृत प्रभाव पड़ता है।

# महंगाई के एसिड से क्षतिग्रस्त हो रही हैं बाइडन की राजनीतिक संभावनाएं,मिड टर्म चुनाव प्रचार से हैं दूर

**वॉशिंगटन, 03 नवम्बर 2022।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की अलोकप्रियता का हाल यह है कि मिड टर्म चुनाव के प्रचार के अभियान से उन्हें खुद को लगभग हटा लेना पड़ा है। पिछले कुछ दिन से उन्होंने किसी बड़ी चुनाव सभा को संबोधित नहीं किया है। इसके बजाय से लोगों के छोटे समूहों से संवाद करने की रणनीति पर चल रहे हैं, जहां उन्हें अपने प्रशासन के कामकाज के बारे में स्पष्टीकरण देने का बेहतर मौका मिलता है।

मिड टर्म चुनाव के लिए मतदान अगले आठ नवंबर को होगा। अमेरिका में राष्ट्रपति के कार्यकाल की मध्य अवधि में होने वाले संसदीय और अन्य चुनावों को मिडटर्म्स कहा जाता है। अन्य चुनावों में राज्यों के कई गवर्नरों, राज्यों की विधायिकाओं और स्थानीय प्रशासन के निकायों का निर्वाचन शामिल हैं। संसदीय चुनाव के तहत कांग्रेस के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के सभी सदस्य चुने जाते हैं, जबकि सीनेट के एक तिहाई सदस्यों का चुनाव होता है।

अभी मिल रहे तमाम संकेत डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ हैं। चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षणों से आम संकेत मिला है कि हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव में



सत्ताधारी डेमोक्रेटिव पार्टी बहुमत हासिल नहीं कर पाएगी। सीनेट का बहुमत भी वह गवां सकती है। अगर ऐसा हुआ, तो राष्ट्रपति बाइडन की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। ब्रिटिश अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने अपने एक आकलन में कहा है कि अगर दोनों सदनों में रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत हो गया, तो वह बाइडन के खिलाफ कई तरह की जांच शुरू करवा सकती है। साथ ही वह प्रशासन के बजट प्रस्तावों को लटका सकती है। इसकी बीच बाइडन के लिए शासन करना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

विश्लेषकों के मुताबिक, मिडटर्म्स के नतीजों से ही यह भी तय होगा कि बाइडन 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में दूसरा कार्यकाल पाने के लिए मैदान में उतरेंगे या नहीं। अगर डेमोक्रेटिक पार्टी अपने को हार से बचा पाई, तो उससे बाइडन का फिर चुनाव लड़ने के लिए मनोबल बढ़ेगा। डेमोक्रेटिक पार्टी के रणनीतिकार जिम मैनले ने फाइनेंशियल टाइम्स से कहा- 'अगर चुनाव नतीजे अभी लगाए जा रहे अनुमान जितने ही बुरे रहे, तो पार्टी में अफरातफरी मच जाएगी। तब पार्टी नेतृत्व में पूरे बदलाव की मांग कई हलकों से उठेगी।'

अस्सी वर्षीय बाइडन ने 2024 के बारे में अभी तक अपना इरादा स्पष्ट नहीं किया है। कुछ रोज पहले उन्होंने कहा था कि मिडटर्म्स के बाद वे इस बारे में फैसला करने की प्रक्रिया में पहुंचेंगे। लेकिन उन्होंने कहा कि वे अपना काम अच्छी तरह कर रहे हैं। अगले कार्यकाल के बारे में उन्होंने कहा- 'मुझे यकीन है कि मैं अपना काम ठीक से कर पाऊंगा।'

बाइडन की मुश्किल महंगाई पर काबू ना पा सकने की वजह से बढ़ी है। कुछ टीकाकारों ने कहा है कि महंगाई ऐसी एसिड है, जो बाइडन की संभावनाओं को क्षतिग्रस्त कर रही है। महंगाई से परेशान लोग बाइडन की दूसरी उपलब्धियों के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार नहीं दिखते। डेमोक्रेटिक पार्टी के रणनीतिकार एड्राइन एलरॉड ने कहा- 'बाइडन अब सिर्फ उन्हीं जगहों पर प्रचार करने जा रहे हैं, जहां इससे पार्टी को मदद मिल सकती है। जो उम्मीदवार अपने प्रचार को स्थानीय मुद्दों पर चला रहे हैं, वे राष्ट्रीय नेताओं को बुलाने से बच रहे हैं।'

# यूक्रेन के सामने है भीषण मानवीय संकट, सर्दियों में मुसीबत बढ़ने का है अंदेशा

**कीव , 03 नवम्बर 2022।** यूक्रेन में सर्दियों का आगमन गहराते जा रहे मानवीय संकट के बीच हो रहा है। रूसी हमलों के कारण बड़ी संख्या में देश के बिजली संयंत्र नष्ट हो गए हैं। यूक्रेन के नेशनल ग्रिड- यूक्रेनेर्गो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वोलोदीमीर कुद्रित्स्कयी ने कहा है कि देश के लगभग सभी बड़े परमाणु बिजली घरों पर हमला हो चुका है। इसके अलावा बिजली नेटवर्क के 30 प्रतिशत से ज्यादा रूटिंग सब-स्टेशन नष्ट हो गए हैं।

कुद्रित्स्कयी ने स्थिति को संकटपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि यूक्रेन ने पश्चमी देशों से तुरंत बिजली संयंत्र के पुर्जों की मांग की है। साथ ही उसने मिसाइल रक्षा प्रणाली की मांग की है, ताकि बचे बिजली संयंत्रों को रूसी मिसाइलों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि पूरे इतिहास में कहीं ही बिजली इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हुआ यह सबसे बड़ा मिसाइल हमला है। दुर्भाग्यवश स्थिति संकटपूर्ण हो गई है। रूस खास तौर पर यूक्रेन के बिजली सिस्टम को नष्ट करने की कोशिश कर रहा है, जिसका असर लाखों लोगों पर पड़ा है।



विशेषज्ञों के मुताबिक, बिजली गैस सप्लाई के लिए भी जरूरी है। इसलिए अगर उपभोक्ता लंबे समय तक बिजली से वंचित रहे, तो मकानों के हीटिंग सिस्टम भी काम करना बंद कर देंगे। उससे बहुत बड़ी मानवीय विपदा खड़ी हो जाएगी। देश के ज्यादातर इलाकों में लगातार घंटों तक बिजली की कटौती चल रही है। रूस ने पिछले महीने यूक्रेन के बिजली घरों को निशाना बनाना शुरू किया था। उसके पहले क्राइमिया को रूस से जोड़ने वाले पुल पर आतंकवादी हमला हुआ था, जिसके लिए रूस ने यूक्रेन को दोषी ठहराया है।

ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बिजली ढांचा नष्ट होने के कारण यूक्रेन के लोगों को भारी कठिनाई हो रही है। उन्हें अनिश्चिय में जीना पड़ रहा है। राजधानी कीव में एक बिजली स्टेशन के पास ही रहने वाले इहोर सुदाकोव ने गार्जियन से बातचीत में कहा कि हमें पहले से ऐसा होने का अंदेशा था, इसलिए हमने तैयारी कर रखी थी। हमने पॉवर बैंक खरीदे हैं, जो एक बार चार्ज हो जाने पर तीन घंटों तक काम करता है। उन्होंने कहा कि हमें अंदेशा है कि रूस कीव के पॉवर स्टेशन पर फिर हमला करेगा।

इस सोमवार को रूस ने यूक्रेन पर 55 मिसाइल और पांच ड्रोन हमले किए। इनमें पनबिजली संयंत्रों को निशाना बनाया गया। इससे काफी नुकसान होने की खबर है। कीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेक्सी कुलेबा ने बताया है कि सोमवार को रूसी हमलों के बाद साढ़े तीन लाख घरों में बिजली चली गई। 80 फीसदी बिजली सप्लाई भी रुक गया। उन्होंने बताया कि पानी और बिजली सप्लाई को मंगलवार को बहाल किया गया।

यूक्रेन के अधिकारियों ने बिजली संयंत्रों को पहुंचे नुकसान की तस्वीरें जारी नहीं की हैं। इसके पीछे मकसद रूस को यह अंदाजा लगने से रोकना है कि उसके हमलों का कितना प्रभाव हुआ है। लेकिन यूक्रेनी अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि इन हमलों से कई बिजली संयंत्र नष्ट हुए हैं।

# ब्राजील में लूला की वापसी से बढ़ेंगी अमेरिका की चिंताएं,कूटनीतिक मामलों में भी आएगा फर्क

**ब्रासिलिया, 03 नवम्बर 2022।** ब्राजील में सत्ता बदलने का असर ना सिर्फ इस देश में, बल्कि पूरी दुनिया में महसूस किया जाएगा। ये राय अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के विशेषज्ञों ने जताई है। उनके मुताबिक ब्राजील लैटिन अमेरिका का सबसे बड़ा देश है, ब्रिक्स में उसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है, और अक्सर अंतरराष्ट्रीय मामलों में उसका खास योगदान रहा है। इसलिए जायर बोल्सोनारो के हाथ से सत्ता निकलने और लुइज इनेसियो लूला दा सिल्वा के राष्ट्रपति बनने से कूटनीतिक मामलों में बड़ा फर्क महसूस किया जाएगा।



बीते रविवार को राष्ट्रपति चुनाव के लिए हुए दूसरे चरण के मतदान में वर्कर्स पार्टी के नेता लूला ने मौजूदा राष्ट्रपति बोल्सोलनारो को हरा दिया। लूला अगले एक जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालेंगे। उसके साथ ही लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े देश में भी वामपंथी शासन कायम हो जाएगा। अभी अर्जेंटीना, चिली, मेक्सिको, होंडूरास, पेरू और कोलंबिया के राष्ट्रपति भी वामपंथी नेता हैं।

अमेरिकी जर्नल- एसएआईएस रिव्यू ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स में कूटनीति विशेषज्ञ आंद्रे पैगलियारिनी ने लिखा है कि लूला निश्चित रूप से ब्राजील को एक स्वतंत्र शक्ति के रूप में स्थापित करने की अपनी योजना पर काम करेंगे। वे ब्राजील को ऐसी ताकत बनाना चाहते हैं, जो पश्चिम और पूरब दोनों की शक्तियों से बराबरी के स्तर पर बातचीत कर सके। पैगलियारिनी ने लिखा है- 'राष्ट्रपति बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय प्रेस में आरंभिक दिनों की सद्भावना का इस्तेमाल लूला विश्व नेताओं और बहुपक्षीय संस्थानों से बेहतर संबंध बनाने में करेंगे।'

इसके पहले लूला 2003 से 2010 तक ब्राजील का राष्ट्रपति रह चुके हैं। उनके तब के कार्यकाल में ब्राजील में आर्थिक खुशहाली आई थी। तब उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का नेतृत्व करने की कोशिश भी थी। इनमें ईरान से जुड़ा परमाणु विवाद भी शामिल है। इराक युद्ध के समय लूला का कई बार अमेरिका से टकराव हुआ था। जबकि उन्होंने लैटिन अमेरिकी देशों के साथ खास व्यापार समझौता किया था।

# जंगल में कई दिनों से पेड़ों की कटाई कर किया जा रहा अतिक्रमण वन विभाग बेखबर

- मनोज कुमार-
लखनपुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।







लखनपुर सरकार वनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। तो वहीं दूसरी ओर लकड़ी माफिया और अतिक्रमण कारी बड़े पैमाने पर जंगलों में पेड़ो की कटाई कर कब्जा करने का खेल लंबे समय से चले आ रहा है। तुम वही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी आंखें मूंदे बैठे हुए हैं। कुछ ऐसा ही मामला लखनपुर वन परीक्षेत्र मैं देखने को मिला जहां अतिक्रमणकारियों के द्वारा नदी के दोनों ओर 3 किलोमीटर तक पेड़ों की कटाई कर वन भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लखनपुर वन परीक्षेत्र अंतर्गत चांदो सर्कल के सोयदा जंगल नागढोडी नदी के दोनों किनारों पर लगभग 3 किलोमीटर तक लगभग 15 दिनों से अतिक्रमणकारियों के द्वारा पेड़ों की अंधाधुंध कटाई करते हुए झाला बनाकर कब्जा किया जा रहा है। तो वहीं बिट गार्ड से लेकर आला अधिकारी इससे बेखबर है। कार्यवाही के अभाव में अतिक्रमण कारी व लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। लगातार लखनपुर वन क्षेत्र अंतर्गत हरे-भरे जंगलों में पेड़ों की कटाई बदस्तूर जारी है अगर ऐसा ही चलता रहा। तो वह दिन दूर नहीं जब लखनपुर वन क्षेत्र के घने जंगल ठूठ में तब्दील हो जाएंगे। अब देखने वाली बात होगी कि वन विभाग आला अधिकारी द्वारा किस प्रकार की कार्यवाही की जाती। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर लखनपुर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचकर जांच कर रहे है ।

इस संबंध में डीएफओ पंकज कमल ने कहां की सूचना मिलते ही मौके पर टीम रवाना की गई है। पेड़ों की कटाई कर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा झाला बनाकर कब्जा का प्रयास किया जा रहा था। समझाइश देकर झाला हटा दिए गया हैं। नियमानुसार वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी।

डीएफओ पंकज कमल

# ब्लैकमेलर युवक को दीपावली का खर्चा मांगना पड़ा भारी




- संवाददाता -
रामानुजगंज 03 अक्टूबर 2022 (घटती घटना)

नगर पंचायत क्षेत्र रामानुजगंज के चर्चित ब्लैकमेलर युवक ने एक अधिकारी के यहां दीपावली का खर्च मांगने पहुंच गया। अधिकारी के लाख समझाने के बाद भी जब नहीं मान रहा था तो अधिकारी ने जैसे ही पैर से जूता उतारा वैसे ही ब्लैकमेलर युवक भाग खड़ा हुआ। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर का चर्चित ब्लैकमेलर युवक दीपावली मनाने के लिए एक अधिकारी के घर पहुंच गया और उनसे दीपावली का खर्च मांगने लगा अधिकारी के लाख मना करने पर उसके द्वारा अपनी पहुंच का बखान करते हुए जिले के आला अधिकारी एवं कुछ नामचीन जनप्रतिनिधियों का हवाला देने लगा जब अधिकारी से बर्दाश्त नहीं हुआ तो उसने जैसे ही पैसे जूता उतारा वैसे ही ब्लैकमेलर युवक गाड़ी इसटाट कर भाग खड़ा हुआ। जो पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### चर्चित युवक को नगरवासी बताते है डेवढ़ी का कुत्ता

पहले तो आप डेवड़ी का पूरा मतलब समझ लीजिए अमीरों के घर के दरवाज़े के बाहर का हिस्सा, आस्ताना,दहलीज़ पर इस ब्लैकमेलर युवक को हमेशा देखा जाता है। कहने का तात्पर्य है कि प्रभावशाली लोगों के वेस्टीज पानी से अपना प्यास बुझाने के लिए ब्लैकमेल युवक हमेशा तत्पर रहता है और उनके मन में अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए मनगढ़ंत बात बनाकर चुगल खोरी के दम पर अपना लाभ लेने के लिए हमेशा दूसरों का नुकसान करने का प्रयास करते रहता है। ऊंची कुर्सी और ऊंची अवधे पर बैठे हुए लोगों को अपनी बातों में आकर्षण करने के लिए इसे हुनर प्राप्त है। जिसका लाभ उठाने में यह ब्लैकमेलर युवक बिना रोजी रोजगार धंधा व्यापार के ऐसो आराम की जिंदगी जी रहा है। जो पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

ऊंची कुर्सी और ऊंची अवधे पर बैठे हुए लोगों को यह पता है कि ब्लैकमेलर युवक उनसे झूठ बोल रहा है लेकिन कुर्सी के गुमान में झूठी प्रशंसा सुनने की बीमारी से वह ग्रस्त है इन्हीं सब बातों का लाभ उठाते हुए ब्लैकमेलर युवक उनके डेवढ़ी का कुत्ता बना हुआ है ऐसा नगर वासियों के जुबान पर हमेशा चर्चा का विषय बना रहता है। उक्त युवक का ब्लैकमेलिंग का धंधा वर्ष 2012 से जो प्रारंभ हुआ है वह आज 10 साल के बाद भी जारी है क्यों किसी मामले में फंसने के बाद प्रभावशाली लोगों के सिफारिश से उक्त ब्लैकमेलर युवक हमेशा बच निकलता है यही कारण है कि इसका ब्लैक मेलिंग का धंधा बगैर रोक-टोक के आज भी जारी है जिसका खामियाजा समाज के सभ्य लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

# छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान करने के लिए मांगे माफी

- संवाददाता -
सूरजपुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापना को लेकर छत्तीसगढ़ भाजपा के सहप्रभारी नितिन नबिन द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी का क्या फायदा कहकर जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ का अपमान किया है उसको लेकर बिफरी युवा कांग्रेस ने गुरुवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पे सूरजपुर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में युवा कांग्रेस द्वारा कांग्रेस पुराना रेस्ट हाउस से रैली निकालकर स्थानीय अग्रसेन चौक में नितिन नबीन का पुतला दहन किया गया इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ भाजपा के सहप्रभारी द्वारा छत्तीसगढ़ का प्रभार होने के बावजूद छत्तीसगढ़ की संस्कृति और छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान किया जा रहा है वो कतई बर्दाश्त नही है दुख इस बात का भी है की छत्तीसगढ़ के भाजपा भी उनके इस बयान पे मुह बन्द कर उनका मौन समर्थन कर रही है यदि नितिन नबिन को छत्तीसगढ़ की संस्कृति और छत्तीसगढ़ महतारी से परेशानी है तो उन्हें छत्तीसगढ़ भाजपा के सहप्रभारी के पद से तत्काल इस्तीफा दे देना चहिये एक तरफ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की संस्कृति को पुनर्जीवित करने का लगातार प्रयास कर रहे है और छत्तीसगढ़ के पारम्परिक परम्पराओं को बढ़ावा देने का काम रहे है वही दूसरी ओर छत्तीसगढ़ भाजपा और उनके सहप्रभारी लगातार छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान कर रहे है छत्तीसगढ़ भाजपा जो छत्तीसगढ़ में सरकर बनाने का जो दिवास्वप्न देख रहे है वो पहले छत्तीसगढ़ महतारी और छत्तीसगढ़ की संस्कृति का सम्मान करना सीखें वरना छत्तीसगढ़ की जनता उन्हें आने वाले समय मे पूरी तरह छत्तीसगढ़ से बाहर कर छत्तीसगढ़ का सम्मान करना सीखा देगी । पुतला दहन के इस कार्यक्रम में दीपक अवस्थी, अमृतांश सिंह हनी , राज गुप्ता, राम सिंह,गोविंदा राजवाड़े, आशीष यादव, चंद्रप्रताप गुर्जर, सरफराज खान , शालू मित्तल, सिट्टू गुप्ता, राजा मंडल ,अज्जू अहमद, त्रिलोक मेहरा, लिवनेश सिंह, अंतर यादव, बेचन साहू, अभिषेक, शिवम, भोला, दीपक, मिथुन ,कृष्णा, सुलेंद्र, रवि, राजा अंसारी , सहित काफी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम चौपाल में शिकायतों का पुलिस अधिकारी कर रहे मौके पर निराकरण

### अवैध कार्यो की सूचना देने किया अपील,नशा से दूर रहने की दी हिदायत

- संवाददाता -
सूरजपुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने आमजनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उसका मौके पर निराकरण करने, नशे से होने वाली हानी, महिला सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति ऐप एवं हमर बेटी-हमर मान के तहत ग्रामीणों को जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक करने जन चौपाल लगाने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिपेक्ष्य में गुरूवार, 03 नवम्बर को चौकी तारा, बसदेई, उमेश्वरपुर पुलिस के द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी तारा उमेश सिंह के द्वारा साप्ताहिक बाजार तारा, चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव के द्वारा ग्राम बसदेई एवं चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर देवनाथ चौधरी के द्वारा ग्राम उमेश्वरपुर में जन चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के द्वारा के द्वारा ग्रामीणों को कानून, साइबर क्राईम, वर्तमान में हो रहे धोखाधड़ी से जागरूक रहने की जानकारी देते हुए उनकी शिकायत-समस्याएं को सुना और निराकरण किया। ग्रामीणों से चर्चा कर गांव की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को कानून की जानकारी देते हुए अपराध से बचने की समझाईश दी और वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड के सावधान रहने की समझाईश दी। चौपाल में हमर बेटी-हमर मान के तहत महिलाओं को गुड टच-बैड टच और महिला संबंधी अपराध के संबंध में उनके कानूनी अधिकारों के लिए जागरूक किया गया तो वहीं महिला सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति ऐप के उपयोग की जानकारी देत हुए ऐप डाउनलोड कराया गया।

**अवैध कार्यो की सूचना देने किया अपील, नशा से दूर रहने की दी हिदायत**

इन आयोजनों के द्वारा चौकी प्रभारियों ने अवैध कार्यो की सूचना देने की अपील करते हुए ग्रामीणों को नशा से होने वाले हानियों के बारे में बताया और नशा न करने की समझाईश दी, दौरान मौजूद ग्रामीणों ने नशे की इस लड़ाई में पुलिस का भरपूर सहयोग देने की बात कही।

# मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 9 नवम्बर को

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विषेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 जनवरी 2023 के संदर्भ में 09 नवम्बर 2022 से प्रारम्भ किया जा रहा है। 09 नवम्बर 2022 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा आपत्ति आहूत किया जाएगा। प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण 26 दिसम्बर 2022 तक एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 05 जनवरी 2023 को किया जाएगा।

# लोक निर्माण विभाग से बन रहे 50 लाख की लागत के रिटर्निंग वाल का भूमिपूजन

- संवाददाता -
प्रतापपुर, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



लोक निर्माण विभाग सूरजपुर द्वारा अंबिकापुर बनारस मार्ग स्थित घाट पेंडारी जो दुर्घटना जन क्षेत्र में आता है जिस पर विभाग द्वारा 50 लाख से बन रहे रिटर्निंग वाल का भूमिपूजन मंत्री प्रतिनिधि व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार सिंह देव ने सरपंच व ग्रामीणों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया किया अपने उद्बोधन में मंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि घाट पेंडारी में बन रहे रिटर्निंग वाल से सड़क में दुर्घटना की शिकायतों में कमी आएगी साथ ही हमारी सरकार जर्जर सड़कों के सुधार हेतु लगातार पहल कर रही है जो भी सड़के खराब है उन्हें मुख्यमंत्री के निर्देश पर मरम्मत कराया जा रहा है चंदौरा से प्रतापपुर मार्ग अन्य खराब सड़कों का भी कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ हो रहा है ग्रामीण क्षेत्रों में राजीव युवा मितान क्लबों का गठन कर खेल को बढ़ावा दिया जा रहा है राजीव युवा मितान क्लब और छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल से ग्रामीण स्तर पर एक बार फिर से युवाओं का रुझान खेल के प्रति दिख रहा है अधिकारियों को निर्देश है कि गुणवत्ता पूर्वक कार्य करें और शीघ्र ही कार्य को पूर्ण करें इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व एल्डरमैन बनवारी लाल गुप्ता सरपंच दलसाय मंगल सिह ठेकेदार आशिष जायसवाल मुंशी अशोक जायसवाल लोक निर्माण के इंजिनियर सुधिर बडा सहीत अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# जंगल में पेड़ कट रहे,परिवहन हो रहा,वन अमले को भनक नहीं

- राजा मुखर्जी -
कोरबा , 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



कोरबा वन मंडल के अंतर्गत जंगल लकड़ी तस्करों के निशाने पर हैं। बड़े पैमाने पर पेड़ काटे जा रहे हैं और कटे पेड़ ले जाए जा रहे हैं लेकिन वन अमले को भनक तक नहीं लग रही। जब तक पता चलता है,पेड़ बिक चुके होते हैं या उनका स्वरूप बदल चुका रहता है। हाथी निकल जाने के बाद पूंछ पकड़कर अमला और अधिकारी अपनी पीठ थपथपाने में लगे रहते है। कोरबा वन मंडल के भी जंगलों की रक्षा करने का दावा भले ही डीएफओ से लेकर एसडीओ और रेंजर,डिप्टी रेंजर करते हैं लेकिन हकीकत में इन्हें पता ही नहीं चल पाता है कि जंगल के भीतर क्या कुछ हो रहा है। इनका मुखबिर तंत्र जहाँ इस मामले में फेल है वहीं वन सुरक्षा के मामले में स्थानीय ग्रामीणों, सुरक्षा समिति के लोगों से बेहतर तालमेल का अभाव भी लगातार बना हुआ है। जलाऊ लकड़ी पकड़ने पर वसूली, विभिन्न निर्माण कार्यों में नियोजित करने के बाद महीनों/वर्षों से मजदूरी का भुगतान नहीं करने की प्रवृत्ति व और भी व्यवहार एवं व्यक्तिगत कारण जिम्मेदार हैं कि वन महकमा जंगल की सुरक्षा के मामले में स्थानीय लोगों के बीच अपनी पैठ नहीं बना पा रहा है।जंगलों से इमारती लकड़ियों की अवैध कटाई के मामलों में कुछ वन कर्मियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्र यह भी बताते हैं कि कुछ ऐसे रेंजर हैं जो अपने चहेतों के लिए खुद ही इमारती महत्व के वृक्षों की कटाई करवा कर उनका सिलपट बनाकर उनके स्थल तक पहुंचाने का भी काम करते हैं। जब महकमा ही संपत्ति लुटवाने में जुटा रहेगा तो चोरों के हौसले बुलंद होंगे ही। यह और बात है कि कभी-कभार अपनी सक्रियता दिखाने के लिए थोड़ी बहुत कार्रवाई कर दी जाती है ,लेकिन इसके पहले और बाद में कटने के लिए जंगल खुला छोड़ दिया जाता है। ऐसा ही एक वृक्षों और जंगल की सुरक्षा में खामी का मामला कोरबा वन मंडल में सामने आया है,जब काटे गए वृक्षों को चिरान बना लिया गया। ग्राम बासीन के तीन ग्रामीणों द्वारा साल प्रजाति के वृक्षों की अवैध कटाई की गई, उन्हें चिरान बनाकर घरों में छुपा कर रखा गया था। समय अनुसार लकड़ियों को बाजार में खपाने की तैयारी थी। इस बारे में महकमे को जानकारी मिलने पर एसडीओ आशीष खेलवार ने टीम को रवाना किया। बासीन में 3 ग्रामीणों के कब्जे से चिरान जब्त किया गया है।

# सूने घर मे चोरी की घटने को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

- संवाददाता -
कुसमी, 03 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



थाना कुसमी अंतर्गत जिरहुल पारा कंजिया में चार पांच दिन पहले सुने मकान से जेवर और रुपये मिलकर करीब 4 लाख 18 हजार की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो युवक मनेश और सुब्रत सोनवानी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है,गौरतलब है संगीता यादव अपने घर से 28 अक्टूबर को राजपुर छठ पर्व अपने परिवार वाले के घर मनाने गई हुई थी और इसी दौरान चोरों ने उनके घर मे चोरी की घटना को अंजाम दे दिया चोरों ने सोने चांदी के जैवर सहित कुछ रुपये को लेकर घर से रफूचक्कर हो गये थे।वही जब संगीता यादव अपने घर आई तो घर मे चोरों की करतूतों यानी चोरी की घटना को अपने घर मे देख काफी दुखी हुई और फिर कुसमी थाने जाकर चोरी की घटना के बारे में पुलिस को बताया पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश करना शुरू किया तो आरोपी मनेश और सुब्रत सोनवानी पुलिस के पकड़ में आये और जब पुलिस ने आरोपियों से पुछताछ शुरू की तो दोनों आरोपियों ने चोरी की घटना को अंजाम देना कबुल किया और उनके पास से पुलिस चोरी की गई जैवर और कुछ पैसे सिक्के भी बरामद कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेज दिया,कार्यवाही में थाना प्रभारी सुनील केरकेट्टा,उ.निरीक्षक कोमल तिग्गा,स.उ.नि प्रकाश तिर्की, प्रधान आरक्षक दीपक बड़ा सुकेश एक्का,आरक्षक मुलधर पैकरा, कलेश पैकरा,संजय साहू,कृष्णा साहू अनिल कुमार टप्पू तिग्गा, महिला आरक्षक सरिता एक्का पैकरा शामिल रहे,।


**छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग अम्बिकापुर (छ0ग0)**

संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक 01 /व.ले.लि./ 2022-23 दिनांक 31/10/2022

शुद्धि पत्रक

लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग अम्बिकापुर से आमंत्रित निविदा एन.आई.टी. क्र0 04/व.ले.लि./2022-23/ दिनांक 19/10/2022 निविदा क्र0 T0005 के तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| क्र0 | विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 04/11/22 अपरान्ह 5.30 बजे तक | 09/11/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| 2 | ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 09/11/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक | 14/11/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | 11/11/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक | 15/11/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक |

टीप :- निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

ADVT. NO.G-95275
सहपत्र:-0
जी नंबर-95431/2

कार्यपालन अभियंता
लो0नि0वि0 सेतु निर्माण संभाग
अम्बिकापुर (छ0ग0)



**न्यायालय नायब तहसीलदार दरिमा, सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-/ब-121/21-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा ग्राम खाला रा0नि0म0 सोहगा थाना व तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ0ग0 के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रतमनिया आ0 रूरहा जाति कंवर निवासी ग्राम खाला रा0नि0म0 सोहगा थाना व तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम खाला रा0नि0म0 सोहगा तहसील दरिमा स्थित संयुक्त खाते की भूमि कुल ख0न0 15 कुल रकबा 2.858 हे0 भूमि का द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपति हो तो वे अपना दावा अपत्ति दिनांक 15/11/2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 31/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02



**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02 जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा0प्र0क्र0-165/अ-6/2018-19

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जोसेफ आ0 जोहन, जाति उरांव, निवासी ग्राम फुन्दुरडिहारी, तहसील अम्बिकापुर, के द्वारा अपने खाते की ग्राम भगवानपुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 308/1 में से रकबा 0.120 हे0 भूमि अनावेदक के पास विक्रय किया गया था, जिसके आधार पर आवेदित खसरा नंबर 308/5 रकबा 0.120 हे0 भूमि अनावेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि ग्राम पंचायत के प्रस्ताव क्रमांक 22 आदेश दिनांक 05/01/2002 अनुसार अभिलेख दुरूस्त किया गया है। ग्राम पंचायत में क्या प्रस्ताव पारित किया गया है, स्पष्ट नहीं है। आवेदित भूमि पर से अनावेदक का नाम विलोपित कर पूर्ववत अपने नाम पर नामांतरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो पेशी दिनांक 18/11/2022 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 18/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02

# एशियाई शतरंज चैंपियनशिप:भारत के प्रज्ञानानंदा,नंधिधा ने खिताब जीते

नयी दिल्ली,03 नवम्बर 2022। शीर्ष वरीय भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और उनकी हमवतन पीवी नंधिधा ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज टूर्नामेंट में क्रमशः ओपन और महिला वर्ग के खिताब जीते। प्रज्ञानानंदा नौवें और अंतिम दौर में हमवतन बी अधिबान से 63 चाल में ड्रॉ खेलकर सात अंक के साथ शीर्ष रहे। चेन्नई के 17 साल के प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दौर से पहले अन्य खिलाड़ियों पर आधे अंक की बढ़त बना रखी थी।



उन्होंने अंतिम दौर में अनुभवी अधिबान से ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ प्रज्ञानानंदा ने अगले फिडे विश्व कप मे भी जगह बना ली। अंतिम दौर में एसएल नारायणन, हर्ष भारतकोटि, कार्तिक वेंकटरमन और एस वोखिदोव के पास अंतिम दौर में खिताब जीतने का मौका था लेकिन अपनी अपनी बाजी ड्रॉ खेलकर ये इस मौके से चूक गए। नारायणन और वोखिदोव की बाजी ड्रॉ रही। हर्ष और वेंकटरमन को भी अंक बांटने को मजबूर होना पड़ा।

ग्रैंडमास्टर एसपी सेतुरमन ने 41 चाल में अंतरराष्ट्रीय मास्टर कोस्तव चटर्जी को हराकर पांच अन्य खिलाड़ियों के समान 6.5 अंक हासिल किए। हर्ष ने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के कारण दूसरा स्थान हासिल किया जबकि अधिबान तीसरे स्थान पर रहे। नारायणन, वोखिदोव, सेतुरमन और वेंकटरमन ने क्रमशः चौथे से सातवां स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में महिला ग्रैंडमास्टर नंधिधा ने नौवें दौर में दिव्या देशमुख से ड्रॉ खेलकर 7.5 अंक के साथ खिताब अपने नाम किया। तमिलनाडु की यह खिलाड़ी नौ दौर में अजेय रही और इस दौरान छह बाजी जीती। प्रियंका नुटक्की, दिव्या और वियतनाम की थी किम फुंग ने समान 6.5 अंक हासिल किए। प्रियंका ने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया जबकि दिव्या तीसरे सथान पर रहीं। थी किम चौथे पायदान पर रहीं।



## विराट कोहली गजब है और टी20 विश्व कप में उसका रिकॉर्ड और भी गजब है : वाटसन

नयी दिल्ली,03 नवम्बर 2022। विराट कोहली की बल्लेबाजी के मुरीद आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वाटसन ने टी20 विश्व कप में उनके रिकॉर्ड को 'गजब' बताया है। कोहली अब तक इस टी20 विश्व कप में तीन अर्धशतक लगा चुके हैं और टी20 विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने का 1016 रन का रिकॉर्ड तोड़ा। वाटसन ने स्टार स्पोटर्स पर कहा ,'' टी20 विश्व कप में 80 से ऊपर की औसत से एक हजार से अधिक रन। कमाल के आंकड़े हैं।'' उन्होंने कहा ,'' टी20 क्रिकेट काफी जोखिम भरा होता है। बल्लेबाजी में जोखिम लेने पड़ते हैं और उसने इतनी जबर्दस्त औसत से रन बनाकर भारत के लिये इतने मैच जीते हैं।'' उन्होंने कहा ,'' वह गजब है और उसके आंकड़े और भी गजब है। इतने जोखिम वाले प्रारूप में इतने रन बनाना और लगातार बनाना कमाल है।'' कोहली ने इस विश्व कप में अब तक 220 रन बना लिये हैं। जयवर्धने ने 31 पारियों में 1016 रन बनाये थे लेकिन कोहली ने महज 23 पारियों में इतने रन बनाये हैं।

## वायकॉम 18 ने खरीदा आगामी दक्षिण अफ्रीका टी 20 लीग के भारत में प्रसारण का अधिकार

VIACOM 18 STUDIOS

ब्रिसबेन,03 नवम्बर 2022। अगले साल इस जनवरी से शुरू हो रही दक्षिण अफ्रीका टी20 प्रीमियर क्रिकेट लीग के भारत में आधिकारिक प्रसारण के अधिकार अगले दस वर्ष के लिये वायकॉम 18 ने खरीद लिये हैं और इस क्रिकेट लीग के सभी मैच इसके खेल चैनलों पर दिखाये जायेंगे। दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग में क्विंटन डिकॉक, फाफ डु प्लेसी, कैगिसो रबाडा, डेविड मिलर, राशिद खान, इयोन मोर्गन, जोस बटलर समेत दुनिया भर के नामचीन खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें राउंड रॉबिन चरण में छह टीमें भाग लेगी और हर टीम का दूसरी टीम से दो बार सामना होगा। अंकों के आधार पर सेमीफाइनल और फाइनल के लिये टीमों का चयन होगा।

टूर्नामेंट दस जनवरी 2023 से चार सप्ताह तक चलेगा और इसमें 33 मैच खेले जायेंगे। वायकॉम 18 स्पोटर्स के सीईओ अनिल जयराज ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा ,'' टी20 भारतीय प्रशंसकों मेंसबसे लोकप्रिय प्रारूप है और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट और उनके क्रिकेटरों को यहां काफी पसंद किया जाता है। हमें दर्शकों और प्रशंसकों के इस लीग से जुड़ाव की उम्मीद है।'' लीग के कमिश्नर और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा ,'' हम इस लीग को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी लीग बनाना चाहते हैं और इस साझेदारी से ऐसा करने में मदद मिलेगी। इससे क्रिकेट का एक मजबूत इको सिस्टम बनेगा।

## चेन्नईयिन एफसी का पूर्वी बंगाल के खिलाफ जीत की राह पर वापसी का लक्ष्य

चेन्नई, ,03 नवम्बर 2022।चेन्नईयिन शुक्रवार को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में ईस्ट बंगाल के खिलाफ लगभग एक पखवाड़े के ब्रेक के बाद एक्शन में वापस आ जाएगा। चेन्नईयिन वर्तमान में लीग तालिका में तीन मैचों में चार अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। टीम ने बेंगलुरु एफसी के खिलाफ ड्रॉ खेलने से पहले एटीके मोहन बागान के खिलाफ जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

सबसे हाल की स्थिरता में, मरीना मचान एफसी गोवा के खिलाफ नीचे चली गई और उसका लक्ष्य वापस उछाल, तीनों अंक हासिल करना और अंक तालिका पर चढ़ना होगा।

रात के लिए उनके विरोधी, पूर्वी बंगाल भी स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों एटीके मोहन बागान पर हार के पीछे इस स्थिरता में आते हैं और जीत के रास्ते पर वापस जाने के लिए उत्सुक होंगे; इस प्रकार, प्रशंसक एक मनोरंजक मुठभेड़ के लिए हो सकते हैं।



खेल की तैयारियों और लंबे ब्रेक के बारे में बोलते हुए, कोच थॉमस ब्रेडारिक ने कहा कि उनके लड़के तरोताजा महसूस कर रहे हैं और लड़ाई के लिए तैयार हैं। ÷हमने ब्रेक का उपयोग ठीक होने के लिए किया। हमने अपने खेल का विश्लेषण किया और कड़ी मेहनत की। हम मैच के लिए प्रेरित हैं।

सबसे महत्वपूर्ण कारक यह है कि हमें किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए मानसिक रूप से मजबूत होना चाहिए। मुझे खुशी है कि मेरे लड़कों में वह मानसिक दृढ़ता है,÷ ब्रैडरिक ने गुरुवार को कोलकाता में प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया से बात करते हुए एक आधिकारिक बयान में चेन्नईयिन एफसी के हवाले से कहा।

चेन्नईयिन ने इस ब्रेक के दौरान अपनी खामियों को दूर करने पर काम किया है और अपनी रणनीतियों पर फिर से काम किया है। अपने विरोधियों के बारे में पूछे जाने पर, ब्रैडरिक ने कहा कि पूर्वी बंगाल की अपनी ताकत है। ÷पूर्वी बंगाल एक दिलचस्प टीम है।

यह हमारे लिए एक चुनौती होगी। उनके पास कुछ ताकत है। वे हमें धक्का देने की कोशिश करेंगे और उन्हें भीड़ का समर्थन मिलेगा, लेकिन हम तैयार रहेंगे। छोटे विवरण निर्णायक साबित होंगे,÷ ब्रैडरिक ने कहा।

ब्रैडरिक ने नीदरलैंड के मिडफील्डर नासिर एल खयाती के बारे में भी जानकारी दी, जो पिछले दो मैचों में चेन्नईयिन की टीम में नहीं थे। ÷नासिर के पास पर्याप्त तैयारी नहीं थी। भारतीयों और विदेशियों सहित सभी खिलाड़ियों को मैच खेलने में सक्षम होने के लिए मेरी टीम में अच्छी तैयारी करने की आवश्यकता है।

इस तरह हमें परिणाम मिलने वाले हैं। नासिर एक अच्छे खिलाड़ी हैं और उनमें काफी ताकत है। उसे कल कुछ मिनट मिलेंगे। इसलिए उसके लिए यह दिखाने का मौका होगा कि वह खेलना चाहता है और खेलने के लिए प्रेरित है।%

खेल के बारे में बोलते हुए, एक उत्साहित डेजबिट ने कहा कि वह अपने शुरुआती खेल के दिनों से अपने पसंदीदा मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेलने के लिए उत्सुक है, ÷यह मेरा पसंदीदा मैदान है। इसलिए मैं वहां फिर से प्रदर्शन करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता,÷ देबजीत ने कहा।

## 'कांतारा' ने 'केजीएफ 2' को भी पछाड़ा




बॉक्स आफिस पर धुंआधार कमाई कर रही 'कांतारा' ने हिंदी बेल्ट में रिटर्न के मामले में केजीएफ 2 को पीछे छोड़ दिया है। खास बात यह है कि फिल्म को हिंदी बेल्ट में रिलीज हुए अभी 17 दिन हुए हैं और बॉक्स ऑफिस पर इसकी कमाई का ताबड़तोड़ सिलसिला जारी है। 17 दिन में फिल्म के हिंदी वर्जन ने लगभग 42.95 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है और यह यहां ना केवल सुपरहिट हो गई है, बल्कि केजीएफ 2 को पछाड़कर साल की तीसरी सबसे ज्यादा प्रॉफिट उठाने वाली फिल्म भी बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऋषभ शेट्टी के निर्देशन में बनी और उन्हीं के अभिनय से सजी 'कांतारा' के हिंदी वर्जन में लगी लागत लगभग 7.50 करोड़ रुपए है। अब अगर इस रकम को अब तक हुई कुल कमाई में से निकाल देते हैं तो यह 35.45 करोड़ रुपए बचती है, जो कि फिल्म का प्रॉफिट है। यह लागत के मुकाबले तकरीबन 472.66 फीसदी है। फिल्म का हिंदी वर्जन 14 अक्टूबर को रिलीज हुआ था। अब बात यश स्टारर केजीएफ 2 की करते हैं। यह भी 'कांतारा' की तरह ही होम्ब्ले फिल्म्स के बैनर तले बनी कन्नड़ फिल्म है। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 14 अप्रैल 2022 को कन्नड़ के साथ-साथ हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में रिलीज किया गया था। फिल्म की लागत तकरीबन 90 करोड़ रुपए बताई जाती है, जबकि हिंदी बेल्ट में इसकी कमाई लगभग 434.62 करोड़ रुपए रही थी। इस हिसाब से फिल्म 344.62 करोड़ रुपए का प्रॉफिट उठाया था, जो कि लागत के मुकाबले करीब 382.91 प्रतिशत है। 'कांतारा' की कमाई की रफ़्तार देखते हुए यह स्पष्ट है कि जल्दी ही यह रिटर्न के मामले में तेलुगु फिल्म 'कार्तिकेय 2' के हिंदी वर्जन को भी पछाड़ देगी और दूसरी सबसे प्रॉफिटेबल फिल्म बन जाएगी।

## शाहरुख के जन्मदिन पर फिल्म पठान का टीजर जारी




शाहरुख खान की फिल्म पठान का उनके प्रशंसकों को लंबे समय से इंतजार है। करीब तीन साल बाद शाहरुख की फिल्म बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। यही वजह है कि इस फिल्म पर सबकी नजरें हैं। फिल्म के कलाकारों के पोस्टर पहले ही जारी किए जा चुके हैं। अब शाहरुख के जन्मदिन के मौके पर पठान का बहुप्रतिक्षित टीजर भी जारी कर दिया गया है। टीजर में शाहरुख और जॉन अब्राहम का गंभीर ऐक्शन देखने को मिला है।

टीजर में शाहरुख तेज-तर्रार ऐक्शन अंदाज में नजर आए हैं। फिल्म में वह पठान की भूमिका में हैं जो किसी मिशन पर है। इस मिशन के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है। पठान की भिड़ंत जॉन के किरदार से है। उधर उसके साथियों को पता नहीं है कि वह मर चुका है या जिंदा है। टीजर में दीपिका पादुकोण का ग्लैमरस के साथ ऐक्शन अंदाज भी दिखाई दे रहा है। वहीं, इसका बैकग्राउंड म्यूजिक दर्शकों को रोमांचित करता है।

इसी साल मार्च में शाहरुख ने पठान से अपना पोस्टर जारी किया था। इसके बाद दीपिका और जॉन के पोस्टर भी जारी किए गए। इन पोस्टर को देखकर ही दर्शकों को अंदाजा था कि फिल्म में कमाल का ऐक्शन देखने को मिलेगा। अब टीजर ने उनकी उत्सुकता और बढ़ा दी है। खलनायक के किरदार में जॉन पर्दे पर शाहरुख से भिड़ते दिखेंगे। जॉन और शाहरुख की भिड़ंत दर्शकों के लिए दिलचस्प होगी।

पठान के ऐक्शन के लिए शाहरुख ने दो साल की कड़ी ट्रेनिंग ली है। शाहरुख के ट्रेनर प्रशांत सुभाष के हवाले से इस ट्रेनिंग के बारे में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स सामने आई थीं। प्रशांत ने बताया था कि पठान में अपने किरदार में खुद को ढालने के लिए शाहरुख ने ट्रेनिंग के दौरान काफी वेट लिफ्टिंग की है। अभिनेता बहुत सारे सर्किट ट्रेनिंग और कार्डियो वर्कआउट करते थे। बकौल प्रशांत इस ट्रेनिंग के दौरान शाहरुख घायल भी हो गए थे।

यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण यशराज फिल्म्स ने किया है। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शाहरुख और दीपिका की साथ में यह चौथी फिल्म है। दीपिका ने शाहरुख की ओम शांति ओम से डेब्यू किया था। रिपोर्ट्स के अनुसार यह फिल्म करीब 200 करोड़ रुपये में बनी है। फिल्म में बॉलीवुड का सबसे बड़ा क्लाइमैक्स सीन दिखाई देगा। इसे दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा पर शूट किया गया है। 2 नवंबर को शाहरुख अपना 57वां जन्मदिन मना रहे हैं। हर बार की तरह इस बार भी शाहरुख के बंगले मन्नत के बाहर उनके प्रशंसकों का हुजूम देखने को मिला। शाहरुख ने अपने घर के बाहर जमा भीड़ में मौजूद लोगों का अभिवादन किया। शाहरुख पिछली की पिछली फिल्म जीरो 2018 में आई थी। हालांकि, इस बीच वह रॉकेट्री और ब्रह्मास्त्र जैसी फिल्मों में कैमियो में दिखाई दिए। उनकी इन छोटी भूमिकाओं ने दर्शकों को बेहद उत्साहित कर दिया था।

## जाह्नवी कपूर श्रीदेवी की बायोपिक में नहीं करेंगी काम ?



जाह्नवी कपूर अपने अभिनय पर लगातार मेहनत कर रही हैं और उनकी यह मेहनत फिल्म-दर-फिल्म दिखाई दे रही है। यही वजह है कि जब उनकी अगली फिल्म मिली का ट्रेलर जारी हुआ तो उनपर प्रशंसा की बरसात होने लगी। जाह्नवी पर हमेशा ही अपनी मां श्रीदेवी से तुलना का दबाव होता है। अब एक इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि क्या वह श्रीदेवी की बायोपिक में काम करना चाहेंगी। जाह्नवी के जवाब की सोशल मीडिया पर तारीफ हो रही है।

मिली के प्रमोशन के दौरान जाह्नवी से एक पत्रकार ने पूछा कि अगर कभी श्रीदेवी की बायोपिक बनी तो क्या वह उसमें काम करना चाहेंगी। इसपर चाह्नवी ने तुरंत ना में जवाब दिया। इस पर पत्रकार ने उनसे फिर पूछा कि ऐसा क्यों? जाह्नवी ने इस पर बड़ी सरलता से कहा कि इसका जवाब काफी लंबा हो जाएगा और उन्हें भूख लग रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह स्टेज पर रोना नहीं चाहती हैं।

सोशल मीडिया पर स्थिति को परिपक्वता से संभालने के लिए जाह्नवी की खूब तारीफ हो रही है। एक तरफ जहां लोग जाह्नवी की तारीफ कर रहे हैं वहीं कुछ लोग पत्रकार पर जाह्नवी को दबाव में डालने के लिए सवाल भी उठा रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोगों ने कहा कि उन्होंने अपनी मां को खोया है। उनके बारे में इस तरह का सवाल करना संवेदनहीन है। लोगों ने पत्रकार को कुछ इंसानियत रखने की भी सलाह दी।

जाह्नवी ने 2018 की फिल्म धड़क से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह राजकुमार राव के साथ रूही और पंकज त्रिपाठी के साथ कारगिल गर्लः गुंजन सक्सेना में नजर आई थीं। उनकी पिछली फिल्म गुडलक जेरी डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। जाह्नवी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था कि हो सकता है वह सबसे प्रतिभावान नहीं हैं, लेकिन अपनी फिल्म पर वह सबसे ज्यादा मेहनत करने वाली कलाकार हैं।

जाह्नवी की फिल्म मिली 4 नवंबर को रिलीज होगी। फिल्म में जाह्नवी एक 24 साल की नर्सिंग स्टूडेंट मिली के किरदार में नजर आएंगी। मिली एक दिन गलती से एक फ्रीजर में फंस जाती है। इस थ्रिलर फिल्म की कहानी मिली की जीजिविषा पर आधारित है। फिल्म में जाह्नवी के साथ सनी कौशल और मनोज पाहवा नजर आएंगे। यह मलयालम फिल्म हेलेन का हिंदी रीमेक है जिसका निर्देशन मथुकुट्टी जेवियर ने किया है। फिल्म के निर्माता बोनी कपूर हैं।













C M Y K

# राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव समारोह सम्पन्न

**रायपुर,03 नवम्बर 2022।** आदिम संस्कृति सभी को जोड़ने का कार्य करती है। इसे सहेज कर और इसकी खूबसूरती को बड़े फलक पर दिखाने के उद्देश्य से हमने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया है। मुझे इस बात की खुशी है कि इस आयोजन में बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। रात बारह बजे तक लोग इस सुंदर आयोजन को देखने बड़ी संख्या में जुटते रहे। यह बात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के समापन के अवसर पर कही। उन्होंने इस मौके पर अपने संदेश में कहा कि हमने देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस आयोजन के लिए आमंत्रित किया। साथ ही 22 देश के आदिवासी कलाकार इस आयोजन में शिरकत करने के इच्छुक थे लेकिन समयसीमा को देखते हुए हमने केवल 10 देशों को स्वीकृति दी। इस आयोजन के माध्यम से लोगों ने जाना कि हमारी आदिवासी संस्कृति कितनी समृद्ध है। इनके नृत्यों के माध्यम से प्रकृति और लोकजीवन को सहेजने के सुंदर मूल्य जो सीखने को मिलते हैं वो सीख हमारे लिए अमूल्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने शिल्प कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टाल भी लगाए। इनमें बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी, उससे पता लगता है कि हमारी आदिवासी कला को जानने के लिए लोग कितने उत्सुक हैं और यह कितनी समृद्ध लोककला है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हम 22 साल से स्थापना दिवस मना रहे हैं। अब राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव भी मना रहे हैं। इससे हमारी खुशी दोगुनी हो गई है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शिरकत करने पहुंचे झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के प्रति भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महोत्सव के आयोजन के साथ ही हम प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन भी कर रहे हैं। इसमें 20 लाख प्रतिभागियों ने अब तक हिस्सा लिया है। इसमें बच्चे और बुजुर्ग सब शामिल हैं। 70 साल की बुजुर्ग महिलाएं भी फुगड़ी खेल रही हैं। सबको बचपन की यादें ताजा हो गई हैं। इन खेलों से मोबाइल से ध्यान हटा, यह भी बड़ी बात है। इस मौके पर अपने संबोधन में झारखण्ड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल छत्तीसगढ़ में ऐसे वर्ग को आगे बढ़ा रहे हैं जिनका सदियों से शोषण हुआ है। उनकी सरकार आदिवासी, दलित और पिछड़े लोगों को आगे बढ़ाने के साथ ही सबके विकास के लिए कार्य कर रही है। मुझे इस मंच में आकर गौरव महसूस हो रहा है।



इस मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

### फसल कटाई की श्रेणी में पहला स्थान छत्तीसगढ़ के करमा नृत्य को

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के पुरस्कार भी इस अवसर पर दिये गये। फसल कटाई की श्रेणी में प्रथम स्थान पर छत्तीसगढ़ के करमा नृत्य को, दूसरे स्थान पर ओडिशा के ढेंगसा नृत्य को और तीसरे स्थान पर हिमाचल प्रदेश के गद्दी नृत्य को पुरस्कृत किया गया।

### विवाह संस्कार में पहला स्थान सिक्किम को

विवाह संस्कार एवं अन्य श्रेणी में पहला स्थान सिक्किम को, दूसरा स्थान ओडिशा को और तीसरा स्थान झारखंड को मिला। विशेष ज्यूरी सांत्वना सम्मान असम को और गुजरात को मिला। इसके अलावा विदेश से आये कलाकारों का भी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने सम्मान किया।

### कृषि विभाग की प्रदर्शनी को पहला स्थान

इस मौके पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी भी पुरस्कृत की गई। पहला स्थान कृषि विभाग को, दूसरा स्थान ऊर्जा विभाग को और तीसरा स्थान वन विभाग को मिला। सार्वजनिक उपक्रमों की श्रेणी में पहला पुरस्कार बाल्को, दूसरा पुरस्कार एनएमडीसी तथा तीसरा पुरस्कार एनटीपीसी को मिला।

## छत्तीसगढ़ के लोगों से माफी मांगे नितिन नबीन : सीएम भूपेश बघेल

**रायपुर,03 नवम्बर 2022।।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजेपी के सह प्रभारी नितिन नबीन के बयान पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि वे छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान कर रहे हैं, मतलब पूरे छत्तीसगढ़ के लोगों का अपमान हो रहा है. नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री बघेल ने नितिन नबीन के बयान पर सवाल करते हुए कहा कि क्या छत्तीसगढ़ भारत से बाहर है. हर प्रदेश का अपना गौरव है. छत्तीसगढ़ को हम लोग मां के रूप में मानते हैं, पर भाजपा छत्तीसगढ़ के लोगों का विरोध कर रही है. 15 साल तक सरकार रही छत्तीसगढ़ की संस्कृति को कभी बढ़ाने का काम नहीं किया.



उन्होंने कहा कि 42 जनजाति छत्तीसगढ़ में निवास करती है, बीजेपी ने कभी भी उनकी सुध नहीं ली. इन्होंने सिर्फ छत्तीसगढ़ को 15 सालों तक लूटने का काम किया है. विदेश से आए कलाकार भी छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया बोल रहे हैं, तो बीजेपी वालों को तकलीफ हो रही है. छत्तीसगढ़ियावाद हावी होता जा रहा है इसलिए क्या घबरा रहे हैं. बता दें कि नितिन नबीन ने एक दिन पहले छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति लगाने पर कहा था कि मूर्ति लगाने से क्या होगा? यहां की महिलाओं के साथ विश्वासघात कर रहे हैं. मूर्ति लगाने से क्या उन महिलाओं का सम्मान बढ़ जाएगा? महिलाओं से आप ने शराबबंदी का वादा किया था. शराबबंदी नहीं होने से उन्हें परेशानी हो रही है, क्या उससे बचा जा सकेगा? उन्होंने कहा था कि हम भारतीयवाद को लेकर चलते हैं. जहां तक बात छत्तीसगढ़ियावाद की है, तो निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ की कल्पनाओं को अटल बिहारी वाजपेई ने साकार किया, यह तो केवल उनके नाम पर राजनीतिक रोटी सेक रहे हैं.

## सीएम के पिता नंद कुमार बघेल हॉस्पिटल में भर्ती

**रायपुर,03 नवम्बर 2022।।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंद कुमार बघेल पिछले दो दिनों से मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में भर्ती है. उन्हें मिलने के लिए मुख्यमंत्री आज अस्पताल पहुंचे. अस्पताल के डायरेक्टर डॉ देवेंद्र नायक ने बताया कि यूरीन और मोशन न होने की वजह से बेचैनी होने की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था.अस्पताल के सुप्रिटेंडेंट डॉ दीपक जायसवाल और इमरजेंसी विभाग के डॉक्टरों की टीम के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के पिता नंद कुमार बघेल का इलाज जारी है और उनकी सेहत में सुधार है. अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक कैथेटर के माध्यम से पेट में भरा यूरीन निकाला गया. वहीं अन्य विभिन्न जरूर जांचें की गई. जिसमें चेस्ट में इंफेक्शन का भी पता चला है. वहीं अस्पताल के डॉक्टरों की टीम लगातार मॉनिट्रिंग कर रही है, वहीं उनकी सेहत में पहले से सुधार बताया जा रहा है.



## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी दी शुभकामनाएं

**रायपुर,03 नवम्बर 2022।।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह की बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि देवउठनी एकादशी का दिन शुभ और मंगलकारी माना गया है। इसे छत्तीसगढ़ में बहुत उत्साह और उमंग से मनाया जाता है। हिन्दुओं में इसी दिन से सारे मांगलिक कार्यों की शुरूआत की जाती है। श्री बघेल ने कामना की है कि एकादशी का त्यौहार सबके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए और सभी के मंगल कार्य सफल हों।

## जिला शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध महिला आयोग में शिकायत

**रायपुर,03 नवम्बर 2022।।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय मिल रही है। इसी तरह एक प्रकरण में आवेदिका ने जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के विरुद्ध अपने अप्राप्त वेतन के सम्बंध में शिकायत दर्ज की थी।

### 2 लाख 27 हजार का त्वरित भुगतान

आवेदिका ने बताया कि वह सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। उनका वेतन वर्ष 2021 के नवम्बर माह से बिना किसी सूचना के रोक दिया है। बार-बार पूछे जाने पर कुछ नही बताते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा रुपयों की भी मांग करते है कि आपके विरुद्ध बहुत शिकायत हैं जिसके कारण मेरा वेतन को रोक दिया गया। आवेदिका ने अपने आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब होने की शिकायत आयोग में की थी। आवेदिका द्वारा आयोग में शिकायत करने के 3 माह के अंदर ही आवेदिका के खाते में 2 लाख 27 हजार रुपये की राशि जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर ने तत्काल भुगतान कर दिया है।आज आयोग के समक्ष आवेदिका ने उपस्थित होकर अपने शिकायत को वापस ले ली है। आयोग की अध्यक्ष डॉ नायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग प्रताड़ित महिलाओं को तत्काल न्याय दिलाने में लगातार प्रयास कर रही है और महिलाएं आयोग के कार्यों से संतुष्ट हो रही है।





## शिक्षिका को मिला न्याय विभाग ने 2 लाख रुपए किया भुगतान

**रायपुर,03 नवम्बर 2022।।** एक सालों से वेतन नहीं मिलने से दुखी शिक्षिका को राज्य महिला आयोग से न्याय मिला है। शिक्षका ने जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ बीना कोई कारण के वेतन रोकने का आरोप लगाया था। सहायक शिक्षिका ने इसकी शिकायत राज्य महिला आयोग में की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आयोग की अध्यक्ष डॉ नायक की मदद से जिला शिक्षा अधिकारी ने 2 लाख 27 हजार रुपये राशि का भुगतान तत्काल प्रभाव से भुगतान कर पीड़ित महिला शिक्षिका को राहत दी। वेतन मिलने के बाद शिक्षिका ने भी महिला आयोग में की शिकायत को वापस ले लिया है।



दरसअल, एक प्रकरण में आवेदिका ने जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के खिलाफ अपने अप्राप्त वेतन के सम्बंध में शिकायत दर्ज की थी। आवेदिका ने बताया कि वह सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं, और उनका वेतन वर्ष 2021 के नवम्बर माह से बिना किसी सूचना के रोक दिया है और बार बार पूछे जाने पर कुछ नहीं बताते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा रुपयों की भी मांग करते है कि आपके विरुद्ध बहुत शिकायत हैं जिसके कारण मेरा वेतन को रोक दिया गया। आवेदिका ने अपने आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब होने की शिकायत आयोग में की थी। आवेदिका द्वारा आयोग में शिकायत करने के 3 माह के अंदर ही आवेदिका के खाते में 2 लाख 27 हजार रुपये की राशि जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर ने तत्काल भुगतान कर दिया है। आज आयोग के समक्ष आवेदिका ने उपस्थित होकर अपने शिकायत को वापस ले ली है। आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग प्रताड़ित महिलाओं को तत्काल न्याय दिलाने में लगातार प्रयास कर रही है। और महिलाएं आयोग के कार्यों से संतुष्ट हो रही है।

## आदिवासी नृत्य महोत्सव की तारीख बढ़ी



**रायपुर,03 नवम्बर 2022।।** सरकार ने राज्योत्सव को तीन दिन बढ़ाकर अब छह नवंबर तक कर दिया है। राज्योत्सव के अवसर साइंस कॉलेज में चल रही विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी तीन दिनों तक के लिए और बढ़ाई गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शाम राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के समापन समारोह में लोगो की मांग पर राज्योत्सव में लगाई विभागीय प्रदर्शनी, मेला और फूड जोन को आगामी 6 नवम्बर तक बढ़ाया।

## सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की नवपदस्थ कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने किया पदभार ग्रहण

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ ,03 नवम्बर 2022।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की नवपदस्थ कलेक्टर डॉ फरिहा आलम ने आज जिला मुख्यालय पहुंच कर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवृतमान कलेक्टर श्री डी.राहुल वेंकट से प्रभार लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुकरेजा भी उपस्थित रहे। डॉ.फरिहा आलम 2016 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं। इससे पूर्व वे सीईओ जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के पद पर पदस्थ थी।



कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कामकाज संभाला। जिसके पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट भवन में संचालित विभागों का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी को पूरे लगन से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के साथ शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडे तिवारी, ज्वाइंट कलेक्टर डॉ स्निग्धा तिवारी, एसडीएम श्रीमती मोनिका वर्मा, एसडीओपी स्नेहिल साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता को ईओडब्ल्यू टीम ने किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव ,03 नवम्बर 2022।।** राजनांदगांव में भाजपा नेता को ईओडब्ल्यू मुंबई की टीम के द्वारा गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है। रेलवे ठेके में गड़बड़ी के मामले में पूरी कार्रवाई की गई है। ईओडब्ल्यू मुंबई के अधिकारियों ने राजनांदगांव पहुंचकर ब्राह्मण पारा स्थित प्रियंक सोनी भाजपा दक्षिण मंडल कोषाध्यक्ष को उनके निवास से हिरासत में लेकर जिला न्यायालय में पेश करते हुए ट्रांजिट रिमांड पर लिया है ईओडब्ल्यू मुंबई द्वारा पूछताछ के लिए उन्हें ले गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के स्थानीय भाजपा नेता और व्यापारी प्रियंक सोनी की गिरफ्तारी रेलवे ठेके से जुड़े आर्थिक वित्तीय अनियमितता के चलते किए जाने की खबर है। फिलहाल पूरे मामले में और जानकारी नहीं मिल पाई है।

वहीं मामला सामने आने के बाद जिला भाजपा के द्वारा पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल द्वारा प्रियंक सोनी कोषाध्यक्ष भाजपा दक्षिण मंडल राजनांदगांव को उनके खिलाफ वर्तमान में ईओडब्ल्यू द्वारा आर्थिक अनियमितता का प्रकरण दर्ज होने के गंभीर मामले को देखते हुए कोषाध्यक्ष के पद से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके लिए जिला भाजपा अध्यक्ष ने एक पत्र भी जारी किया है। फिलहाल रेलवे में अनियमितता के कारण यह पूरी कार्रवाई ईओडब्ल्यू की टीम द्वारा की गई है।

## सीमेंट प्लांट की जनसुनवाई में तोड़फोड़:ग्रामीणों का गुस्सा देख भाग खड़े हुए अधिकारी,पुलिस को भांजनी पड़ी लाठी

**बिलासपुर ,03 नवम्बर 2022।।** सीमेंट प्लांट की जनसुनवाई में आज जमकर बवाल मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने जनसुनवाई का विरोध करते हुए हंगामा कर दिया। ग्रामीणों के द्वारा तोड़फोड़ करने से अफसर भी वहां से भाग खड़े हुए। मामला पचपेढ़ी थाना क्षेत्र का है।

पचपेढ़ी थाना क्षेत्र के सोन लोहरसी गांव समेत आस पास के 6 गांवों में एसीसी सीमेंट फेक्ट्री स्थापित होना है। जिसके लिए पर्यावरण व प्रदूषण विभाग से अनुमति मिलनी शेष है। अनुमति से पूर्व आज लोहरसीं गांव में जनसुनवाई का आयोजन किया गया था। इसके चलते यहां ग्रामीणों की भीड़ थी। जनसुनवाई करवाने एडीशनल कलेक्टर आर ए कुरुवंशी व एडीशनल एसपी गरिमा द्विवेदी, एसडीएम महेश शर्मा, पर्यावरण अधिकारी देवदत्त मिश्रा समेत अन्य अफसर उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण अपनी बात रख रहे थे।इसी बीच कई गाड़ियों में अन्य लोग भी मौके पर पहुँच गए। और प्लांट का विरोध करते हुए जम कर हंगामा मचाने लगे। और तोड़ फोड़ शुरू कर दी। इस बीच कांग्रेस के भी कई कार्यकर्ता ग्रामीणों का साथ देने पहुँच गए थे। आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा मचाते हुए कुर्सियां व बेरिकेड्स भी तोड़ दिये। हंगामा होता देख कर प्रशासनिक अफसर मौके से नदारद हो गए। वही पुलिस अफसर स्थिति नियंत्रित करने की कोशिश करते रहे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों पर बल प्रयोग भी कर दिया। . ग्रामीण हंगामा मचाते हुए जनसुनवाई स्थगित करने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि प्लांट से कोई फायदा हमें नहीं है। पूर्व में भी एक प्लांट खुला है। 18 साल हो गए पर कोई भी फायदा नही हुआ। ग्रामीणों का कहना था कि प्लांट खुल जाने से गांव विस्थापित तो होगा ही साथ ही आस पास के दस गांवों की फसल भी चौपट हो जाएगी। इसके अलावा बीमारियां भी फैल जाएंगी। यहां ग्रामीणों का समर्थन करने पहुँचे कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि फर्जी रिपोर्ट के आधार पर जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इस एरिया में 135 तालाब, शिव मंदिर, डिडेश्वरी मंदिर, शिव मंदिर,जंगल, वन्यजीव व हज़ारों इमारती पेड़ो की जानकारी छुपा कर रिपोर्ट बनाई गई है। जिसका हम विरोध करते हैं। वही पुलिस का कहना था कि लाठीचार्ज नही किया गया है अपितु स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया है। वही स्थिति को देखते हुए एडिशनल कलेक्टर आर ए कुरुवंशी ने जनसुनवाई को स्थगित कर दिया।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)